पाबूजी की पड़

डॉ. महेन्द्र भानावत

पाबूजी की पड़

डॉ. महेन्द्र भानावत

सम्पादक
डॉ. कपिल तिवारी
नवल शुक्ल

सहयोग
अशोक मिश्र

मध्यप्रदेश आदिवासी लोककला परिषद् भोपाल का प्रकाशन

प्रकाशन - प्रकाशन अधिकारी,
मध्यप्रदेश आदिवासी लोककला परिषद,
मुल्ला रमूजी संस्कृति भवन,
बाणगंगा, भोपाल - 462003 फोन- 551878

संकलन/भावानुवाद - डॉ महेन्द्र भानावत

प्रकाशन वर्ष - 2000

मूल्य - 50/- (रूपये पचास)

आकल्पन - ग्रॉफिक-ग्रॉफी, भोपाल

शब्दांकन - अभिषेक फोटो कम्पोजर्स, भोपाल

मुद्रण - प्रियंका ऑफसेट, भोपाल

आवरण चित्र - पाबूजी, चित्रकार-डॉ. महेन्द्र भानावत

पाबूजी राजस्थान की लोक परम्परा मे पराक्रमी, आध्यात्मिक और अलौकिक शक्ति से सम्पन्न एक अद्भुत चरित नायक हैं। लोक जीवन में इनकी प्रतिष्ठा लोक देवता के रूप में है। इनके शौर्य और पराक्रम की अनेक कथाएँ और किंवदंतियाँ लोक समाज में प्रचलित है। पाबूजी के नाम से राजस्थान मे अनेक स्थलों पर मन्दिर बनाये गये हैं और इनसे सम्बन्धित चित्रों और कथाओं का प्रचलन मूलतः राजस्थान में है किन्तु इसका प्रसार पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश आदि राज्यों में भी है। एक ऐतिहासिक चरित्र का रूपान्तरण एक महान चरितनायक और लोक देवता में होना अद्भुत घटना है।

पड़ का सामान्य अर्थ है कथात्मक चित्र। पड़ का समानार्थी शब्द फड़ है और यह शब्द भी लोक व्यवहार में प्रचलित है। पड़ गाने वाले गायक और पड़ चित्र बनाने वाले चित्रकार दोनों होते है। वे कथा भी बाँचते है और उस कथा को पट्ट पर चित्र के रूप में उकेरते भी हैं। पड बनाने वालों और बाँचने वालों की सुदीर्घ लोक परम्परा है। पड़ कथा को बाँचने वाले कलाकारों को भोपे या भोपा के नाम से भी अभिहित किया जाता है। पाबूजी की पड़ वाचन के अलावा पाबूजी के पवाड़े का भी प्रचलन राजस्थानी लोक परम्परा में है।

डॉ. महेन्द्र भानावत का जीवन राजस्थान की लोक परम्परा और कला एवं उसकी शैलियों के सान्निध्य तथा अध्ययन में बीता है। डॉ. भानावत ने परिषद् के विशेष आग्रह पर पाबूजी की पड़ गाथा को संकलित कर हिन्दी में भावानुवाद का कार्य किया है।

हम डॉ. भानावत के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। हमें आशा है वाचिक साहित्य परम्परा में उत्सुक पाठकों को यह संग्रह उपयोगी लगेगा।

सम्पादक

अनुक्रम

भूमिका

पाबूजी इतिहास पुरुष होकर केवल पोथियों में ही नहीं है, लोकदेवता के रूप में वे आज भी असंख्य जनों के हिरदै-हार बने हुए है। जगह-जगह, न केवल गाँवों-कस्बों में अपितु शहरों में भी उनके देवस्थान, देवरे, मंदरी याकि मंड बने मिलते है। इनमें पाबूजी की अश्वारूढ़ प्रतिमा मिलती है जो माटी अथवा प्रस्तर पर उभारी-उत्कीर्ण की हुई होती है। प्रति रविवार देवरों में चौकी लगती है जहाँ बड़ी संख्या में स्त्री-पुरुष आकर अपनी सभी प्रकार की समस्याओं का निदान पाते हैं और खुशहाल होते है। पाबूजी का भोपा अपने में पाबूजी की आत्मशक्ति को अवतरित किये साक्षात् पाबू-रूप में जातरूओं, यात्रियों से रूबरू होता है।

पाबूजी की सर्वाधिक मान्यता ऊँटपालक राईका जाति में है जो रेबारी भी कहलाते है। ऊँटों के रक्षक-देवता के रूप मे पाबूजी ऊँटो मे आई हर प्रकार की बीमारी का शर्तिया शमन करते है। राईका अपने गले में चाँदी पर खुदी पाबूजी की झूलती प्रतिमा भी धारण किये रहते है जो नावा कहलाती है। पाबूजी के नाम की गोल (ताम्र मुद्रिका) भी धारण कर आस्थावान लोग अपने को सदाचारमय किये रहते है। देवरों या मडों की सज्जा के लिए कहीं-कहीं अन्य देवी-देवताओं तथा लोकमंगल के प्रतीकों के साथ ही पाबूजी की जीवनगाथा भी चित्राकार होती है। पाबूजी के रक्षक सहयोगी के रूप में कही-कहीं चाँदा-डेमा तथा हरमल की प्रतिमाएँ भी अपने लघु आकार में स्थापित की हुई मिलती है। ये मूरते पाबूजी की पंक्ति में नही होकर उनके सामने अथवा देवरे के बाहर होती है। इनकी प्रतिष्ठा-स्थापना में लोकवास्तुकला के

सिद्धान्तों एवं नियमों का पूर्णतः पालन किया जाता है, ऐसा कहा जाता है कि इसमें जरा सी चूक अथवा त्रुटि कभी-कभी बहुत बड़ा अनर्थ करती है।

इस सम्बन्ध में एक घटना का उल्लेख करते हुए मुनि मणिप्रभसागरजी ने लिखा कि जैसलमेर के किले के मन्दिर में परमात्मा की प्रतिमा के पास भैरव की स्थापना की गई। आचार्य जिनवर्धनसूरिजी ने इसे शास्त्र सम्मत नहीं मान उन्हें बाहर विराजमान करवा दिया। इस पर भैरव कुपित हो उठे और जब दूसरे दिन मन्दिर का द्वार खोला गया तो वे वहाँ से नदारद हो अपने पहले वाले स्थान पर मिले। भैरव के इस कृत्य पर आचार्यश्री को अचरज के साथ थोड़ी परेशानी भी हुई फलस्वरूप उन्हें दुबारा बाहर विराजमान कर दिया गया। लेकिन भैरव पुनः अपनी उसी दशा में चले गये तब आचार्यश्री ने पुनः उन्हें बाहर विराजमान कर दो अभिमन्त्रित कीलिकाओं से कील दिया। तब से आज तक वे वहीं विराजमान हैं। यह घटना वि.स. 1461 की कही जाती है।[1]

पड़ वाचन के अलावा पाबूजी के पवाड़े (परवाड़े) का भी प्रचलन रहा है। पाबूजी के भोपों द्वारा ये पवाड़े रात्रिजागरण अथवा किसी विशिष्ट मनौती प्रसंग पर गाये जाते हैं। इनके साथ माट नामक वाद्य बजाया जाता है। नर तथा मादा के रूप में ये माट चौड़े मुँह वाले मटके होते हैं जिनके मुख पर खाल मढ़ी होती है। इन्हें अलग-अलग व्यक्ति मिलकर बजाते हैं। परवाड़े गानेवाले नायक और रेबारी जाति के गायक होते हैं जो नागौर, बीकानेर, जोधपुर आदि रेगिस्तानी इलाकों में बसे होते हैं। मारवाड़ में जोधपुर जिले के कोलू (मंड) में पाबूजी का सबसे बड़ा तथा प्रमुख मन्दिर है। मेवाड़ में चित्तौड़गढ़ जिलान्तर्गत बारू गाँव में पाबूनाथ का मंड (मन्दिर) है जहाँ पूरे मेवाड़ के राइकों, ऊँटपालकों की आस्था जुड़ी हुई है। यहाँ चैत्र सुदी अमावस्या को बड़ा भारी मेला भरता है। राजस्थान सहित पाबूजी को माननेवाले गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश तथा हरियाणा-पंजाब में भी बहुत मिलेंगे।

पाबूजी की पड़- गाथा के छोटे-बड़े कई रूप प्रचलित हैं। इस पुस्तक में जो गाथा दी गई है वह अपने लघु रूप में ही है परन्तु कथातत्त्व की दृष्टि से वह पूर्णांगी

---

1. द्रष्टव्य श्री जिनकांतिसागर सूरि स्मारक ट्रस्ट, मंडावला— 343042 (राज.) से प्रकाशित पाक्षिक समाचार बुलेटिन 'जहाज मन्दिर' (16 जनवरी 2000) पृ. 4 विहार डायरी— 10

है। इसका सम्पादन करते समय मैंने अपनी ओर से इसमें कोई हेरफेर नहीं किया है। इसके पीछे उसके मूल स्वरूप को सुरक्षित रखने का भाव ही प्रमुख रहा है।

इसके शब्दार्थ- संयोजन में मुझे ठाकुर केसरीसिंह आढ़ा तथा पाठ संपादन में डॉ. श्रीकृष्ण जुगनू का जो आत्मीय सहयोग मिला वह कभी विस्मृत नहीं किया जा सकेगा।

इस सन्दर्भ में यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि अपनी तमाम चेतना के साथ ही उस क्षेत्र से जुड़े विद्वत्जनों, गायक भोपों तथा सुधी श्रोताओं से प्राप्त जानकारियों के आधार पर इसके अनुवाद का विनम्र प्रयास किया गया है। मुहावरों एवं लोकोक्तियों को उनके निहितार्थ के साथ रखा गया है। पात्रों और स्थलों के नाम भी यथावत रखने का उपक्रम किया गया है। लोक में जहाँ लोकपुरूषों और पात्रों के ही लोकोत्तर हो जाने के बहुतेरे प्रसंग मिलते हैं वहीं इस महागाथा के नायक पाबूजी अभिजन वर्ग के प्रतिनिधि हैं और अपनी अद्वितीय शक्ति एवं शौर्य के लिए लोकजीवन में अतीन्द्रिय वीर पुरूष के रूप में स्थान और पहचान बनानेवाले कदाचित एकमेव नायक हैं।

मध्यप्रदेश आदिवासी लोककला परिषद् के सचिव डॉ. कपिल तिवारी तथा प्रकाशन अधिकारी नवल शुक्ल के प्रति किस रूप में आभार प्रदर्शित करूँ जिनकी प्रेरणा से यह पुस्तक, विलम्ब से ही सही, मैं तैयार कर सका। उम्मीद है, पाबूजी की ही तरह पाठक इसे अपनत्व देंगे।

डॉ. महेन्द्र भानावत

पाबूजी की पड़

पड़ यानी पट्ट चित्रकला का इतिहास बड़ा प्राचीन है। जब तन ढँकने के लिए वृक्ष की छाल तथा चमड़ा काम में लाया जाता था तब इन पर चित्रकारी भी की जाती थी। सूत्र चर्म पर अग्निदेव तथा गाय के कान के चमड़े पर बाजा, हंसिया, खूँटा आदि के चित्र बनाने के उल्लेख ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में मिलते हैं। यज्ञों में वस्त्रचित्रों के पर्याप्त प्रयोग होते थे। पटचित्रों में बुद्ध की जीवनी चित्रित कर उनका अधिकाधिक प्रचार हुआ। ये चित्र बड़े लोगों को भेंट स्वरूप भी दिये जाने लगे। ऐसा ही एक चित्रपट बिम्बसार ने राजा तिष्य को भेंट किया था। आगे चलकर तो इन चित्रों को बताकर अपनी उदरपूर्ति करने वाली जाति ही हो गई।

ईसा की प्रथम शताब्दी तक तो यह कला इतनी विकसित हो गई कि लोकप्रचलित अनेक घटनाप्रसंग इसके विषय बने। द्रोपदी के चीर हरण प्रसंग को लेकर तो पटचित्रों का दिखावा गाँव-गाँव तक में व्याप्त हो गया। बाद में ये चित्र दीवालों की भी शोभा बढ़ाने लगे। गुप्तयुग से लेकर मध्ययुग तक तो पूर्वजन्म के चरित तथा परलोक के घोर कष्टों एवं समृद्धि सुख भरे नर्क-स्वर्ग के चित्रपट अति लोकप्रिय हुए जिन्हें सैकड़ों वर्षों तक सुरक्षित रखने के लिए दुर्वाघास के रस में भिगोने के उल्लेख भी मिलते हैं।[1]

लगभग 18-20 हाथ (सवा डेढ़ फीट के बराबर एक हाथ) लम्बे तथा ढाई-तीन हाथ चौड़े कपड़े पर पाबूजी के जीवन को लेकर रंगबिरंगे चित्रों में जो

---

1. द्रष्टव्य 'रंगायन' जुलाई एवं अगस्त 1982 के अंक में प्रकाशित डॉ. प्रेमसुमन जैन का आलेख पट चित्रावली की लोक परम्परा।

चरित चित्रित किया मिलता है उसी को पाबूजी की पड कहते है। पाबूजी की ही तरह एक पड़ होती है जो इससे भी बड़ी पच्चीस हाथ तक की लम्बाई लिये होती है। इसे देवनारायण की पड़ कहते है। क्या पड़, क्या गाथा और क्या चित्रांकन, सभी दृष्टि से यह पड़ बड़ी होती है। पड का मूल उत्स भी यही पड़ रही है।

किंवदंती है कि नरवरगढ़ के राजा ने अपनी पुत्री जैवंती का नरापण करने के लिए पुरोहितो को चौबीस भाइयों का जो रेखांकन दिया वह पड़ चित्र का मूल आधार बना। रामदला, कृष्णदला, भैसासुर, रामदेव की भी पडें राजस्थान में प्रचलन में है [1]

देवनारायण की पड़ मुख्यतः गूजर लोग बाँचते हैं। गूजर भोपों के अलावा राजपूत, गाडरी तथा बलाई जाति भोपे भी इसे बाँचते हैं। इसके साथ जतर नामक वाद्य बजाया जाता है। कहीं-कहीं जंतर के साथ मजीरा, चींपिया बजते भी देखा गया है। इसे दो भोपे मिलकर बाँचते है। भोपो की यह संख्या कहीं-कहीं तीन होती भी सुनी गई है।

रामदेवजी की पड़ भांभी, ढेड़, चमार तथा बलाइयों में प्रचलित है जो उनके भक्त होते है। कहते है, इसका प्रचलन पाबूजी की पड़ के ठीक ग्यारह वर्ष बाद हुआ। यह रामदेवजी के जन्म से प्रारंभ होकर उनकी समाधि तक चलती है। इसके साथ रावणहत्था बजाया जाता है। भोपे-भोपी दोनो मिलकर इसे बाँचते है। कभी-कभी दो भोपे मिलकर इसका वाचन करते हुए भी देखे गये है। इसका प्रचलन पहले हाडौती मे हुआ फिर मेवाड़ में होते-होते मारवाड़ मे फैला। ब्याह-शादी तथा काज करियावर जैसे सभी कार्य पड़ बँचवाई से ही पूरे होते है। सुनने वाले जितने अधिक अच्छे मन के होते है, दातारी में उतना ही अधिक हाथ लगता है।

रामदला का चित्रांकन सर्वप्रथम शाहपुरा मे वहाँ के चितेरे धूलजी ने किया। कहते है कि पाबूजी का भोपा बनवाने के लिए महीने भर वहाँ रहा फिर भी धूलजी उसे पाबूजी की पड़ बनाकर नहीं दे सके तब भोपा बड़ा परेशान हुआ कि परिवार को कैसे खिलाये-पिलाये। उसकी परेशानी देख धूलजी ने उसे एक छोटा सा रामदला बना दिया और कहा कि फिलहाल इससे काम चला। कुछ दिनों बाद जब मैं अपने

---

1 दृष्टव्य रामदला की पड - डॉ. महेन्द्र भानावत, प्रकाशक भारतीय लोक कला मंडल उदयपुर 1968

दूसरे कार्यों से निवृत्त हो जाऊँगा तब पाबूजी की पड़ बना दूँगा। भोपे ने यही किया। इस प्रकार रामदला चल पडा।

इसी रामदला की देखादेखी एक दिन धूलजी के पास मथुरा क्षेत्र से एक भोपा आया जो कृष्णदला बनवाकर ले गया। यह भोपा पापड़ी गाँव का था। अत कृष्णदला 'पापड़ी का पाटिया' नाम से भी जाना जाने लगा।[1]

भैसासुर की पड़ बावरी व वागरी जाति के लोग रखते है। इसे 'माताजी की पड़' भी कहते है। इसका वाचन नहीं होता। जब ये लोग चोरी करने निकलते हैं तब इसकी पूजाकर शकुन लेते है। रामदेवजी की पड़ का चित्रांकन सर्वप्रथम चौथमलजी ने किया। 27 वर्ष की उम्र में इनकी आँखें दुख आई तब प्रकाश से बचने के लिए इन्हें अधेरी ओबरी में रहना पड़ा। भीलवाड़ा में ही इनके खास मिलने वाले के विवाह पर हाथीघोड़े मॉडने थे। अतः अपने पुत्र रामचन्द्र को भेजा। रामचन्द्र कोर रहा था कि पीछे से चौथमलजी गये और कहा- 'थोड़ो ऊँचो ले'। रामचन्द्र ने सुना अनसुना कर दिया तब चौथमल जी बोले- 'थोड़ो और ऊपर ले।' रामचन्द्र को पता नहीं था कि उसके पिता यह बात कह रहे है। वह समझ बैठा कि वे चलने फिरने में असमर्थ है तभी तो उसे भेजा है। अतः उसने गुस्से में कहा- 'अस्यो कारीगर व्हे तो थू वणाले।' इस कथन से चौथमलजी को बड़ा कष्ट पहुँचा। वे वहाँ से चल पड़े और सदा के लिए चित्रकारी करना बंद कर दिया किन्तु उन्होंने बाबा रामदेव का एक खाका (स्केच) बनाया जिसके आधार पर रामदेव की पड बननी शुरू हुई।[2]

धूलजी कब हुए, ठीक-ठीक नहीं कहा जा सकता। पड़ चितेरा श्रीलालजी जोशी ने बताया कि पाँच पीढ़ी पूर्व वे हुए। उनके टेकचद और मुकुन्द नामक दो पुत्रो ने जन्म लिया। मुकुन्दजी संतान विहीन रहे जबकि टेकचंदजी के सूरजमल, बख्तावर, धूलजी और रामप्रताप हुए। बख्तावर और रामप्रताप के कोई संतान नहीं हुई। सूरजमल के चौथमल, चौथमल के रामचन्द्र और रामचन्द्र के श्रीलाल हुए। इधर धूलजी के जड़ावजी, जड़ावजी के घींसूलाल और घींसूलाल के दुर्गेश हुए। श्रीलालजी भीलवाड़ा में रह रहे हैं जबकि दुर्गेश और उनके भाई शांतिलाल एवं राजेन्द्र शाहपुरा मे ही हैं। श्रीलालजी के दो पुत्र कल्याण एवं गोपाल अच्छे पड़ कलाकार के रूप मे जाने जाते है।

---

1. श्रीलाल जोशी (भीलवाडा) द्वारा 25 जुलाई 1977 को लेखक को लिखे पत्रानुसार।
2. पड़ चितेरे रामगोपाल जोशी से हुई बातचीत दृष्टव्य रंगायन फरवरी 1974 पृ. 7

श्रीलालजी एवं दुर्गेशजी से अलग एक जोशी परिवार और है जो परम्परा में पड बनाने का काम करता आ रहा है। धूलजी से पूर्व यह परिवार एक था। इस परिवार में कल्याणजी हुए जिनसे मैं मिला हूँ। सन् 1985 में इनका निधन हुआ। इनके मूलचन्द, धनराज और बालूलाल नामक तीन पुत्र हुए। मूलचन्दजी के घनश्याम और दिलीप, धनराज जी के नंदकिशोर, कन्हैयालाल, सत्यनारायण और कैलाश तथा बालूलालजी के जगदीश, सुरेश, महावीर और ओमप्रकाश है। ये सभी भीलवाड़ा में पड़ चित्रण का काम कर रहे है।

उदयपुर में अपने निवास पर श्रीलालजी जोशी से पड़-कला के सम्बन्ध म 24 अक्टूबर 1991 को लम्बी बातचीत हुई। उन्होंने बताया कि भीलवाड़ा के पास का पुर गाँव इनका मूल गॉव है तब इसे पुरमांडल कहते थे। शाहजहाँ ने जब शाहपुरा बसाया तब मेवाड़ के कुछ कलाकार माँगे गये। महाराणा ने तब इनके परिवार को शाहपुरा भेज दिया।

शाहपुर जानेवाले पाचाजी थे। वहाँ दरबार ने इनको बड़ी इज्जत दी। ठिकाने मे दीवालों पर कई जगह चित्रकारी कराई। अन्य ठिकानों में भी इन्हे चित्रकारी के लिए भेजा गया। बनेड़ा ठिकाने में भी बड़ा काम किया। इस चित्रकला को सीखने के लिए दरबार ने कलाकारों को बाहर भी भेजा। एक को जोधपुर, एक को उदयपुर और एक को अजमेर भेजा। अजमेर में एक चीनी कलाकार बड़ा नामी था। वह ऑख पर पट्टी बॉध कर सिखाता था।

श्रीलालजी ने बताया कि उनके खानदान में टेकचंद जी मुकुंदजी बड़े नामी कलाकार हुए। इनके पिता रामचन्द्रजी भी अच्छे कलाकार थे किन्तु वे स्वभाव से बडे अक्खड़ और स्वाभिमानी थे। जब श्रीलालजी के दादाजी चल बसे तो पिताजी को उत्तराधिकारी की पगड़ी बँधाई गई। पगड़ी दस्तूर के बाद जब उन्हें मुजरे के लिए ले जाया गया तो दरबार ने कहा— 'रमोजग्या यही है क्या?' ऐसा इसलिए कहा गया कि वे दरबार की चाकरी नहीं करते थे। अतः दरबार में उन्हें भटर कर दिया था यानि देश निकाला कर दिया था। शाहपुरा की सीमा में उनका प्रवेश वर्जित था लेकिन चोरी छिपे माह में एक बार वे अवश्य अपने घर आते जाते थे। रात को देरी से पहुँचकर सुबह जल्दी निकल जाते। संतरी-पहरेदार उनकी बड़ी इज्जत करते सो जाने-आने देत।

भदर होने पर रामचन्द्रजी भीलवाड़ा में रहे। शाहपुरा दरबार की इस कलाका पर बड़ी मेहरबानी बनी रही। देश निकाला देने के बावजूद दरबार के खजाने से इन प्रतिमाह चार रूपया मिलता रहा। रहने को मकानात भी मिले। अपने पिता की कां श्रीलालजी ने बनाये रखी। पारम्परिक रंग संयोजन और चित्र मंडल का आधार रखते हुए फोक और फाईन आर्ट का मिश्रण कर कई पौराणिक एव ऐतिहासिक गाथाओं क आधार ले चित्र बनाये। रागमाला के सेट तैयार किये। रेशमी कपड़े पर भी चित्र बनाये।

श्रीलालजी ने सबसे पहले तो भारतीय लोककला मंडल संग्रहालय की दीवाल पर देवनारायण की पूरी पड़ चित्रित की। दिल्ली के क्राफ्ट म्यूजियम में, अहमदाबाद के गूजरी संग्रहालय में, जयपुर के जवाहर कलाकेन्द्र में इनकी चित्रकारी मुँह बोलती अपनी गाथा आप सुनाती लगती हैं। जवाहर कला केन्द्र मे तो तब ग्रहो पर आधारित पूरा जम्बूद्वीप ही बना दिया। जैन तांत्रिक तथा शेखावाटी चित्रशैली के चित्र भी इन्होंने कई बनाये। देश के बाहर मास्को, स्वीडन, जापान, नेपाल, पाकिस्तान में भी इन्होंने अपनी चित्रकारी की स्थायी छाप छोड़ी। (लोकानुरंजनकारी चित्रविधा, राजस्थान पत्रिका, 24 नवम्बर, 1991)

अपने अलौकिक और लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए पाबूजी जनजीवन मे लोकदेवता के रूप में प्रतिष्ठित हुए। राजस्थान में लोकदेवता तो और भी कई हुए हैं पर उनमे कुछ ही अधिक ख्यात-प्रख्यात है। इनमें भी पाबूजी का नाम सर्वाधिक स्मरण किया जाता है। उनके संबंध का यह दोहा तो यहाँ की चप्पा-चप्पा भूमि पर सुनने को मिलता है—

'पाबू हरबू रामदे मांगलिया मेहा।
पाँचू पीर पधारजो गोगाजी जेहा॥

पाबूजी के जन्म के संबंध में कोई एक मत नहीं है परन्तु अधिकाँशतः इनका जन्म वि.सं. 1313 में मारवाड़ के कोलू ठिकाने में हुआ मानते है। केवल 24 वर्ष की उम्र मे इनकी मृत्यु सं. 1337 में हो गई। इस संबंध में यह पद्य सुना जाता है—

तेरासौ तैतरवाँ जनम्यो आसल धाम।
तेरासौ सैतीस में कमधज आयो काम॥

इतनी कम उम्र में पाबूजी ने जो असाधारण पौरूष और शौर्य बताया उसके कारण इनके चरित्र को लेकर कई कीर्तिगाथाएँ, चरित काव्य और वीर गीत लिखे गये। ये परवाड़ा नाम से गाये जाते है। इनका प्रचलन न केवल राजस्थान में अपितु मध्यप्रदेश, गुजरात, हरियाणा, पंजाब और सिंध तक हुआ।[1]

पड में पाबूजी को कई नामों से संबोधित किया गया है जो उनकी विशेषता और वीरगुणों के भी परिचायक हैं। गढ़पतिया, मीठा मारू, अन्दाता, हिंदवाणी राजा, भवर बना, राठौड़ी राजा आदि नाम तो ऐसे हैं जो दूसरों के साथ भी प्रयुक्त किये मिलते हैं पर लिछमण देव, पाल भंवरजी, पाल बनाजी, भाल्याला, भुरज्याला, कमधजिया, बॉकादेव जैसे नाम पाबूजी के लिए ही दिये गये हैं। इनमें भाला रखने के कारण भाल्याला एव उनके गढ़ में विशिष्ट मोरचा-भुरज होने के कारण भुरज्याला कहा गया। इसके अतिरिक्त पाबूजी ने पाल नाम से एक अलग गाँव बसाया था। अतः इन्हें पाल, पालजी, पाल बनाजी, पाल भंवरजी कहा गया है। इनका जन्म साधारण मनुज की तरह नहीं होकर अपनी माता की छाती फाड हुआ। इसलिए इन्हे 'हाड़ फाड़ पाबू' भी कहा जाता है। इनके पैदा होते ही इनकी मॉ चल बसी। ये बोथा के पुत्र थे।[2]

पड़ में पाबूजी को लक्ष्मण का अवतार माना गया है। भोपों में प्रचलित कथा-किवदंती के अनुसार लक्ष्मण सीता सहित राम जब दण्डकारण्य में विचरण कर रहे थे तो एक दिन वहॉ शूर्पणखा आई और उसने राम से विवाह करने का प्रस्ताव रखा। राम ने अपनी शादी हो चुकी कहकर अपने को टालते हुए अपने भाई लक्ष्मण का नाम बता दिया। शूर्पणखा यह समझ बैठी कि राम-लक्ष्मण दोनों ने सीता के साथ शादी कर रखी है। अतः वह सीता को मारने उसकी ओर लपकी। लक्ष्मण पास ही बैठे थे। उन्होंने तत्काल उसका नाक काट दिया और कहा कि विवाह करने की तेरी यह इच्छा कलियुग मे पूरी करूँगा। आगे जाकर सोढ़ी शूर्पणखा का अवतार हुई और पाबू लक्ष्मण के। मगर जिसका नाक काट दिया उसके साथ शादी कैसे हो। अतः पाबूजी उसके साथ केवल अपना हाथ ही मिला पाये और तीसरे फेरे के बाद ही उन्हे

1 दृष्टव्य राजस्थानी वीरगाथात्मक पवाड़े : संरचना एवं लोक परम्परा— डॉ उषा कस्तूरिया लोकप्रकाशन पहाड़ी धीरज, दिल्ली— 110006

2 अहमदाबाद के वलाद गॉव के काली कल्ला धाम पर 25 मार्च 1985 को लगी गादी पर लोकदेवता कल्लाजी की वाणी देते उनके सेवक सरजूदासजी से।

अपने वचनों की रक्षा के लिए चंवरी से उठकर चले जाना पड़ा।

पड़ मे पाबू और सोढ़ी ही नही अन्य कुछ और भी अवतार माने गये हैं। इनमे पाबू की कालमी घोड़ी शक्ति की, डेमा हनुमान का तथा दोदा सुमरा को रावण का अवतार कहा गया है।

पड़ शव्द मूलतः फड़ के रूप में प्रचलित रहा है। आज भी फड़ बाँचने तथा बँचवाने सुननेवालों की जबान पर फड़ शब्द सुनने को मिलता है। पड़ चितेरे-छीपे भी इसे फड़ बोलते हैं। देवनारायण की पड़ में भी यह शव्द फड़ के रूप मे ही चित्रित हुआ है जिसमें देवनारायण भाट से कह रहे हैं—

'भाट जावो चतर छींपा के घरां अर म्हांकी एक तसवीर खींचाल्यावो, भाट गिया अर चतर छींपा ने बोल्या- म्हांका कुल भगवान री एक तसवीर खेंच दें। छीपे भगवान री तसवीर खेंची वा भाट ने खटगी। भाटजी बोल्या— म्हूं बताऊँ जिण तरै लिखो। छीपो बोल्यो— बतावो। भाट चौईस तो ओतार लखा लीधा। जतरी धरती आसमान में बातां व्ही वे सै लखा लीधी। खंचा ने अंदाताजी रे मुंडा आगे खड़ी कर दीधी। अंदाताजी देख बोल्या- अरे भाट म्हें एक तसवीर वास्ते कह्यो। थूं तो कांई ले आयो फड़ै ही फड़ै? भाट बोल्या- हाँ दरबार, है तो फड़ै ही।'

भावार्थ— देवनारायण ने भाट से कहा, 'भाट जाओ चतरछींपा के घर और हमारी एक तस्वीर खींचा लाओ।' भाटजी गये और चतुरछींपा से बोले— 'हमारे कुल भगवान की एक तस्वीर खींच दो।'

छीपे ने भगवान की तस्वीर खींची। वह भाट को नहीं रूचि। भाटजी बोले— 'मैं बताऊँ उस तरह लिखो।' छींपा बोला— 'बताओ।'

भाट ने चौबीस तो अवतार तथा जितनी धरती— आसमान में बातें हुई वे सब लिखा दीं। छीपे ने तदनुरूप चित्रावली तैयार कर अंदाताजी के सामने प्रस्तुत की। अंदाताजी ने उसे देखकर कहा— 'अरे भाट, मैंने तो एक तस्वीर के लिए कहा था। तुम यह क्या ले आये फड़े ही फड़े?' भाट बोला— 'हाँ दरबार है तो फड़े ही।'

यहाँ फड़ का अर्थ चित्र कथात्मक चित्रवली से है। कई चित्रो के सम्मिलित

रूप को फड़ कहा गया है। यही फड़ शब्द पड़ के रूप में प्रचलित हुआ।

फड एवं पड के अलावा एक शब्द पड़ी भी पड़— गाथा— वारता म मिलता है। बूड़ाजी की लकड़ी केलम की चटी अँगुली (कनिष्ठिका) को साँप डस जाता है तब जहर उतरवाने के लिए झाड़फूँक करने वाले झाडागर को बुलाने को कहा जाता है तब ब्राह्मण कहता है—

'नौ कुली सरप री धरती पर पड़ी बाँचू जे बाई री जीवणी उबरे तो।'

अर्थात् यदि बाई का जीवन बच जाय तो नौ कुली सर्प की धरती पर 'पडी' बाँचू। फड़, पड़, पड़ा, पड़ी के अलावा इसका एक और नाम फड़ह भी प्रचलित रहा है। पीहर में लड़की के प्रथम सन्तान होने पर उसके पिता द्वारा सुसराल सतानोत्पत्ति की शुभ सुचना हेतु सवा हाथ समचौरस कपड़े पर जो चित्रावली भेजता है उसे 'सुभागपड़ा' कहते हैं।

यह पड़ केवल चितराम नहीं है। देवता स्वरूपा भी है इसलिए बनानेवाला तथा बाँचनेवाला दोनों ही इसे देवतुल्य पवित्र मानते हैं। बनानेवाला छींपा सर्वप्रथम कुँवारी कन्या से रेखांकन दिलवाता है और पूरी पड़ बना लेने के बाद जब भोपा उसे लेने जाता है तब अंत में पाबूजी की ऑख बनाता है और साल— संवत, मिति, भोपे का नाम तथा देवरे का उल्लेख करता है। भोपा पूरी पड़ को साक्षात् देवता समझता है। इसलिए वह प्रतिदिन उसे धूप लगाता है, घर में पवित्र जगह रखता है। खोलने के बाद बिना उसे बाँचे बंद नहीं करता। मुहूर्त से पड़ बनवाकर लाना और लाकर रतजगा देना भी इसी बात का द्योतक है।

पड़ के जीर्णशीर्ण होने पर भोपा उसे इधर-उधर नहीं फैंककर पवित्र तीर्थस्थान पुष्कर ले जाकर पाबूजी की पेड़ी पर पानी में विसर्जित करता है। इसे पड़ ठडी करना कहते हैं। इस अवसर पर भोपे को सवा मण आटे की परसादी करनी होती है जो 'सवामणी' कहलाती है। पड़ प्रदर्शन के दौरान पूरे समय तक भोपे में पाबूजी का भाव बना रहता है। पड़ में वर्णित वीरोचित प्रसंगों पर भोपे के भावाभिनय में दर्शको को पाबूजी की उपस्थिति का आभास हुआ मिलता है तब श्रोता समुदाय को श्रद्धाभिभूत हो हाथ जोड़कर नमन करते देखा जाता है।

किसी मनौती के रूप में कारज पूरा होने पर पड़ बँचवाने के पीछे भी यही

भावना परिलक्षित होती ० सामूहिक रूप से पूरे गाँव के लोग किसी अनिष्ट के आशंका से बचने के लिए भी पड़ बँचवाने की बोलमा बोलते है। ऐसी स्थिति में गाँववाले ही पड़ बनवाते है और भोपे के लिए धोती झब्बा पाग कुर्ता तथा भोपी के लिए साड़ी, घाघरे की व्यवस्था करते है।

राजस्थान मे सर्वप्रथम साँढ़े लाने वाले पाबूजी ही थे। इसलिए साँढ़ों की रखवाली राईका जाति में इनकी बड़ी मान्यता रही है। राईका पाबूजी को अपना आराध्य देवता मानते हैं और प्रत्येक महत्वपूर्ण संस्कार पर भोपे को याद करते है।

पाबूजी की गणना प्लेग-रक्षक देवता के रूप में भी की जाती है। इसलिए कहावत भी है— *'गाँव-गाँव गोगा तो घर-घर पाबू।'* चौमासे में चूँकि सभी देवता विश्राम करते हैं और चार महीने सो जाते हैं। इसलिए इन दिनों पड़ बनाना, बनवाना और बाँचना, बँचवाना दोनों ही वर्जित रहते हैं।

ऐसा कहा जाता है कि गोगाजी की शादी में पाबूजी ने अपनी भतीजी केलमदे को कन्यादान मे लंकस्थली के राजा टोदा सूमरा की बहुप्रसिद्ध विशिष्ट साँढ़ियाँ (ऊँटनियाँ) देने का वचन दिया। इसके लिए हरमल राईका को साँढ़ों का पता लगाने को भेजा। उसके पता लगाने के बाद पाबूजी लकस्थली गये और राजा से साँढ़ियाँ प्राप्त कर लाये।

पाबूजी की पड़ गाथा की रचनाकार देवल चारणी कही गई है। इसी देवल चारणी से पाबूजी ने कालमी घोड़ी ली थी। इस घोड़ी को प्राप्त करने के लिए बूड़ोजी और जिंदराव खींची ने भी कम कोशिश नहीं की मगर पाबूजी को यह मिली इस शर्त पर कि यदि कोई उसकी गायें घेर ले जायेगा तो पाबूजी प्राण देकर भी पहले उसकी रक्षा करेंगे और हुआ भी यही। जब तीन फेरे पूरे किये और चौथा फेरा लेने ही वाले थे तो उन्हें खबर मिली की जिंदराव खींची ने देवल की गाये घेर ली हैं। पाबूजी तत्काल चंवरी से उठ खड़े हुए और खींची से जा युद्ध किया और अपने प्राण गंवाये।

यह देवल काछल चारणी थी। काछलों में आज भी औरतें काव्य-सृजन करती है और बड़े जोश-खरोश के साथ उसे सुनाती हैं। काछेलों में महिलाओं का बड़ा प्रभुत्व रहा है। उनका यह दबदबा आज भी बरकरार है। श्राप भी इनका खूब चलता है। देवल ने पाबूजी को घोड़ी देते समय उनके हाथ में सांभर का सुप्रसिद्ध नमक देकर अपनी गायों की रक्षा का वचन तो लिया ही साथ-साथ वचन चुक जाने पर यह श्राप

भी दिया कि जैसे नमक गल जाता है उसी तरह वे भी गल जायेंगे।

पाबूजी की पड़ बाँचनेवाले भोपे नायक होते है। ये आयड़ी नाम से भी जाने जाते है। कहा जाता है कि पड़ बाँचने का पाबूजी ने इनको परचा दिया था। प्रसिद्धि है कि चाँदा तथा डेमा नामक दो वाघेला सरदार थे। दोनों ही सगे भाई थे परन्तु खोटे नक्षत्रों मे पैदा होने के कारण ज्योतिषी ने कहा कि यदि ये यही रहे तो आगे जाकर बड़े शैतान और नालायक निकलेगे तथा राज हाथ से जाता रहेगा। अत. ये कच्छ के बछाऊ ठिकाने से कही दूर जंगल मे फेंकवा दिये गये। उधर जंगल में एक भीलनी उस राह से गुजरी। उसने दोनों आवारा बच्चों को उठा लिया। अपने घर लाई और स्वयं के दूध पर उनका पालन-पोषण किया। एक दिन जब पाबूजी पोकर (पुष्कर) जा रहे थे तो रास्ते मे ये दोनो भाई मिले। पाबूजी ने इन्हे अपने साथ रख लिया तब से ये पाबूजी के साथ ही रहे। पाबूजी के ये बड़े विश्वासपात्र थे और प्रत्येक काम मे आगेवाणी रहते थे।[1]

कहते हैं, आगे जाकर चाँदा डेमा के वंशधर ही नायक कहलाये। भीलनी के यहाँ पलने के कारण नायक लोग भील नाम से भी जाने जाते है। इन्हें पड़ के रूप मे पाबूजी का बाना उठवाने (पड़ बाँचने) का परचा मिलना युक्ति संगत लगता है। राजदरबारों तथा ठिकानों मे पहले नवरात्रा में पूरी ही नौ रात पड बाँची जाती थी। पाबूजी के साथियों में अधिकतर नायक लोग ही थे। जनश्रुति है कि पाबूजी के साथ युद्ध करते हुए 140 नायक काम आये।

जिस दिन पड़ बँचवानी होती है उस दिन पड़ बँचवाने वाले के लिए भोपे को नूत आते हैं। नूतते समय भोपे को आखे (अनाज के दाने) दिये जाते है ताकि वह पड बँचवाई की बात पक्की समझे। पड़ बँचवाने वाला इस दिन अपने सगे समधी तथा अड़ोसी-पड़ोसी को न्यौता देता है। गाँवो में तो सारे गाँववालों को बुलाया जाता है। जो भी व्यक्ति पड़ सुनने आता है वह आरती तथा अन्य खास प्रसंगों पर भोपे को टके पैसे देना अपना पवित्र धार्मिक कृत्य समझता है। फलतः भोपे को इस

---

1 कागज बनेरी के धन्ना भोपा को 2 सितम्बर 1967 को भारतीय लोककला मंडल मे उदयपुर बुलाया गया। जहाँ इससे तीन रात्रि को पाबूजी की पड़ बँचवाई गई। धन्ना ने बताया कि इन्हें 'थली का भील' कहा जाता है पर पड़ बाँचने से ये भोपा नाम से जाने जाते हैं। थली (मारवाड) में पड़ का प्रदर्शन दो भोपे मिलकर करते हैं। इनकी औरते न पड़ बाँधती है न पड़ के सम्मुख नाचती है और न पड का प्रदर्शन ही देखती है।

दातारा मे अ[illegible] पपा उथ लग जाता है। विशिष्ट लोगों की ओर से दातागे प्राप्त होने पर भोपा उनके नाम का शंख पूरता है। श्राद्ध पक्ष में कभी पड़ नहीं बाँची जाती है न उसका धूप ध्यान ही किया जाता है। भादो महीने की नवमी-दशमी तथा चैती व आसोजी नौरता (नवरात्रा) में तो पड़ अनिवार्यतः बाँचनी ही पड़ती है।

पाबूजी की पड़ के साथ रावणहत्था नामक वाद्य बजाया जाता है जो कुछ-कुछ सारंगी से मिलता है। परंतु यह उतना जटिल वाद्य न होकर बड़ा सरल है। इसमें आधे नारियल की कटोरी पर बकरे की खाल मढ़ दी जाती है। यह खाल रस्सी द्वारा कस दी जाती है। नारियल की तूंबी पर तारों को आधार देने के लिए घोड़ी होती है।

तार खूटियों से बाँधे होते हैं। ये खूटियाँ डांड के एक सिरे पर लगा दी जाती हैं। खूंटियो को घुमाकर तार कसे जाते है। डांड पोले बाँस की लकड़ी होती है जिसकी लंबाई करीब ढाई-तीन फीट होती है। इस डांड का एक सिरा तूंबी से जुड़ा रहता है। तार तूंबी से डांड पर होते हुए खूंटियों से लपेट दिये जाते हैं। तारों की संख्या चार से छह तक होती है। इसी तरह खूंटियाँ भी सात से लेकर नौ तक होती है।

कहते है कि रावणहत्था रावण का बड़ा प्रिय वाद्य था इसलिए इसका यह नाम पड़ा। रावण अपने बीसों हाथों से यह वाद्य बजाता था। इसलिए इसमें खूंटियाँ व तार भी अधिक लगे रहते थे। पाबूजी जब लंका गये तो उनके साथ गया रतना राईका यह वाद्य वहाँ से लाया। पड़- चित्रों में रावण को दस सिर तथा बीस भुजाओं वाला बताया जाता है। यह भी कहा जाता है कि शिवजी को रिझाने के लिए रावण ने गहन तपस्या की। जब सफलता नहीं मिली तब रावण ने अपने बायें हाथ की नस निकाली और एक गरम लकड़ी को धनुषाकार बना उसे अपने सिर के बालों से जोड़ दिया। इस गज द्वारा उसने अपने दूसरे हाथ से नस पर रगड़ी देना प्रारंभ कर दिया। इससे उसने एक-एक कर छैतीस रागें निकाली। इससे शिवजी प्रसन्न हुए तब से उस आकार में वाद्य चल पड़ा जिसका नाम रावणहत्था दे दिया गया।

लेकिन धन्ना ने मुझे बताया कि रावणहत्था का असली नाम तो 'रावणहत्या' है। पाबूजी महाराज ने युद्ध के दौरान रावण के खोपड़े में भाला ठोका जिससे उसके चार दाँत बाहर निकल पड़े। इन चारों को पाबूजी ने चार दिशाओं में फेंका जिनसे

मक्की पैदा हुई। रावण की हत्या के उपलक्ष्य में पाबूजी ने एक वाद्य बनाया जो रावणहत्था के नाम से जाना गया। इसमें तार की जगह रावण की नस निकाल कर लगाई गई।

रावणहत्था गज से बजाया जाता है। यह गज धनुष के आकार का दोनों सिरे से मुड़ाव लिये होता है जिसमें घोड़े के बाल लगाये जाते हैं। इन बालो को तारों से रगड़ी देने पर आवाज निसृत होती है।

यह वाद्य बायें हाथ में लेकर बजाया जाता है। इसका तूंबी वाला हिस्सा कंधे की तरफ रखा जाता है। डांड बाहर की तरफ रखकर अंगुली से उसके तार दबाते हुए दायें हाथ में रखे गज से बजाया जाता है। तार लोहे अथवा तांत के होते है जो सा प तथा सां जैसे स्वरों में मिलाये जाते है।

गज को सुन्दर बनाने के लिए उसमें घुंघरे बाँध दिये जाते हैं। ये घुँघरे स्वरों के साथ ताल देने का कार्य भी बखूबी करते हैं। सुरीली आवाज का यह बड़ा सस्ता व सरल वाद्य है जिसे भोपा स्वयं बना लेता है।

पड़ें बिना किसी साँचे के ब्रुश से बनाई जाती है। पड़— चितेरे इस ब्रुश को कलम कहते हैं। यह कलम गिद्ध तथा मयूर पंख की डंडी से तैयार की जाती है। इसमे गिलहरी, गधे अथवा बकरे के बाल लगा दिये जाते है। रेजी अथवा खादी के जिस कपड़े पर पड़ बनानी होती है उस पर चावल के मांड का कलप दे दिया जाता है। फिर एक विशिष्ट प्रकार के घोटे द्वारा इस कपड़े की खूब घुटाई की जाती है। इससे वह कपड़ा इतना कड़क बन जाता है कि उस पर किसी प्रकार के रंग के फैलने की आशंका नहीं रहती।

पड़ बनाने का दस्तूर सबसे पहले कुँवारी कन्या से पीले रंग का चाका दिलाकर किया जाता है। यह रंग कच्चा होता है इसी रंग से चित्रों की पहले रेखाएँ मॉड ली जाती हैं। उसके बाद उन चित्रों के मुँह तथा शरीर में केसरिया रंग भर दिया जाता है। यह रंग भरने के बाद आवश्यकतानुसार क्रमशः पीला, हरा, कत्थई, हीगलू व नीला रंग भरकर पड़ पूरी चितेरी जाती है। ये रंग पहले तो चितेरे स्वय बडी मेहनत से तैयार करते थे पर अब रंग, ब्रुश कपड़ा सभी बाजार से खरीदकर ले आते हैं।

जिस भोपे का पड़ छपवाना (बनवाना) होना है वह चितर का पड़ मंडवानी की साई के रूप में कुछ राशि पेशगी देता है। यह राशि 'साई टीका' कहलाती है। जब पड़ पूरी तैयार हो जाती है तब दस्तूर के रूप में सवा रूपया कन्या का चांका दिलाई का और पाँच-पाँच रूपया देकर मुहूर्त के अनुसार पड़ ले जाता है। पड़ ले जाने के बाद वह अपने घर उसकी परणानी करता है जिसमें सगे समधियों को आमंत्रित कर भोजन कराता है। इस अवसर पर रात्रिजागरण दिया जाता है जिसमे समधियों की ओर से भोपा-परिवार के लिए कपडे-लत्ते, झग्गा-पाग, साड़ी लूगडा आदि लाया जाता है।

पड़ बाँचने वाले भोपों के कथा कथन तथा गायकी शैली में तो एकरूपता दिखाई देती है किन्तु कथा का छोटा-मोटा होना भोपों की विवेक दृष्टि, स्मरण शक्ति, प्रत्युत्पन्नमति तथा बुद्धिकौशल पर निर्भर करता है। इसी कारण कथा-गाथा का रूप भिन्नता लिये दृष्टिगोचर होता है। जो कलाकार जितना अच्छा सधा हुआ होगा, पड़ का वचन भी वह उतने ही प्रभावोत्पादक रूप में करेगा। साधारण भोपे न कथा मे, न वाचन में और न नृत्य सगीत अभिनय में ही अपना प्रभाव छोड़ पाते है।

अपनी शोध यात्राओं में मैंने पड़ वाचन के विभिन्न रूप-प्रकार देखे सुने है। किसी का प्रदर्शन दो रात मे पूरा होता देखा गया तो कोई पड़ पॉच-पाँच रातों मे जाकर पूरी हुई। किसी में वारता का अंश गौण पाया तो किसी मे गायकी की पुनरावृत्ति में भी रस वृद्धि होते देखी। यह स्थिति जुदा-जुदा भोपों में जुदा-जुदा रूप म देखने को तो मिली ही पर एक ही भोपे में भी दृष्टिगोचर हुई। पूछने पर बताया गया कि यह सब समय-समय का खेल है। जैसी जब सुरसती बैठ जाती है वैसा ही काम हो जाता है। पड़ की मुख्य भाषा राजस्थानी है किन्तु आँचलिक बोली का प्रभाव स्पष्टत· परिलक्षित होता है।

जहाँ कही पड़ बाँचनी होनी है, भोपा उसे दो बॉसों के सहारे खड़ी कर फैला देता है। फैलाने के बाद उसके अगरबत्ती की धुँआ करता है। गूगल की धूप देता है। दीप प्रज्वलित करता है और रावणहत्था बजाते हुए पाबूजी की आरती द्वारा पाबूजी का स्मरण करता हुआ उन्हें नमस्कार करता है। कहता है—

'सगतीद्यो पाबू आ पड़ मूंडे सूं बोलै अर सगली गाथा री बूंद्यॉ बातां मे खोलै।'

पाबूजी की कृपा से भोपे में वह शक्ति आती है जिसके द्वारा पूरी पड़ के गायकी को अपने में मूर्तवंत करता हुआ नृत्य की विविध अदावली में वार्ता द्वारा अरथाता है। इस कला से वह पूरे श्रोता समुदाय को अपनी ओर बाँधे रखता है। इस वाचा कथन के साथ बीच-बीच में कथातत्व को विराम देते हुए अवान्तर गीता-प्रहसन छोड दिये जाते हैं जो दर्शकों को अधिकाधिक मनोरंजित करने में सहायक होते हैं। इन हँसी ठट्ठा भरे गीतों प्रहसनों का पाबूजी तथा पड़ से कोई खास सम्बन्ध नहीं होते हुए भी वे उसी का हिस्सा बने रहते है।

आरती के बाद सिंवरणा (सुमिरणा) प्रारंभ होता है जिसमें पाबूजी के साथ विभिन्न देवी-देवता, साढ़ा सात बीसी सांवल, नौ बीसा राईका, देवल चारणी, केसर कालमी, जैमती, पांडव, राम, कृष्ण, रामदेव, चाँद, सूरज, गणेश वैमाता, लक्ष्मण, गोगा जैसे देवपुरूषों का स्मरण किया जाता है। एक नमूना—

'सारां पैली सीवरीजै गोगा गोसांई। सिध बाबा रामदेवजी। जै बोलो अठै नेजे रे धणी री।'

रामा आवजो सामा। कलजुग में है करूर। हरजी भाटी अरज करै आप सभाल जो बिडला। ढाल मिलिया। तीर मिलिया। तर मिलिया। चार घोड़े का पौंड मडिया है। तीन पौड़ छेकलो घोड़ो जमी पर मेले तो चौथो पौड़ अधर संभावै। ए पौंड धवती कट मेलेई। इण धरती में कळपो ना करै है। चाँद सूरज रे मेलाप करै है। मूसळ धारा में मै वरै है। बारूं ब्रळ राजा पधारै। सागर मे झीणी-झीणी खेह उड़ै है। धरमपतरियां नै पाप डूबै तो धरती पाप रा लेखा तो वै। स्त्री मान मांगे है। देखो तो कइयां जाणै है सा देखो।'

इसके पश्चात् भोपा अरथावा करता है जिसका प्रारंभ कुछ इस प्रकार रहता है—

'भला नाम ठाकरां पाबूजी रा। सुणै सांभलै जांका। सुणै अन्दाताजी री कथा तो चित्त लग आवै। वधै मन नै पाप री गाठां खुल जावै। मंडगी है ठाकर रे पाबूजी री बसती में जोत। उठे भाग जावै जो बारै-बारै बरसां की बसती खेड़ा की चौथ लै घर आवै। आस कर जावै क्यूं आवै निरास। जल रे कांठै घर बांधै वे नर क्यूं मरै तिरास। केसर री क्यारी। कंवळ को फूल। कंवळ रा फूल में अंदाताजी अवतार धारिया। मात कवलादे जी गोद खेलाया। जोनांछर ए अन्दाताजी थण धारिया वारा घर

राठौड़ केवाया। राठोड के घर जाना लाया। जो छतपतरा राठोड़, पाबूजी ने बूड़ाजी ने भाई केवाया। आल मिली ज्यूं ढाल विणी। कांध रा खड़ग बणिया। बूंदी का कटार बणिया। खेमखाग का वागा। सवा लाख री कमर कसी। सवा लाख रा फैंटा। सोने रा किरणिया। राठौड़ अन्दातांजी अबै वेई तपरिया है। ए मोर बबरिया केहर करै। चॉद सूरज पाबूजी रे ऊपरई तपरिया है। काना में वैण मोती। हाथां में सोवन का कडा। गुलाब रे फूल री वासना लेवै।'

यह स्तुति 'सींवरणा' कहलाता है। देवी-देवताओं का यह सुमिरन भोपे के साथ-साथ दर्शकगण भी बड़ी श्रद्धा-आस्था से करते है। कहीं-कहीं यह सींवरणा खटकड़ा नाम से भी प्रचलित है। लकड़वास (उदयपुर) गाँव के पड़ भोपे जीतू (70) टीबी के रोगी के रूप में बीमारी से ग्रस्त होने पर भी पड़ के प्रसंग की जानकारी के लिए कुछ समय के लिए अपनी व्याधि तक भूल गये। उन्होंने हॉफते-कॉपते मुझे 15 फरवरी 1973 को यह महत्वपूर्ण खटकड़ा सुनाया—

'अठे गंगा अठे गोमती आपका सरणां में छोड़ जाऊॅ कठे। गोरखड़ी में गोरखनाथ जाम्या भड़ मेंदू का भाई। देव देड़ावट जाग्या। रूखावाली कीधा बदावणा। पारवाणा कीधा जवार। सैवै तो समंदर सेइजै मत सेइजै नाड़ो। लाखेणी देवी पर घेरो गालै तो पाबू आवै आड़ो। बॉझ हलावे पालणो टूटा भदेसर नाथ। दॉत कीजै दवारका फण कीजै बदरीनाथ कलजुग में केवायो केसरियानाथ। कालो भेरू कटारमल धरी माहतार धान। पो मे जागी पदमणी दो गुरजां की मार। पान परवाण उपण्या साया रा उपाया सीप दादी भजा पर गिरवर तारिया सात समंदर नोई दीप। सायरा शंख उपाया वाज्या दुबारका मांय। शंख तारे। शंख मारे। शंख में राखे आस तो नर नारी पावे वैकुंठा री वास। जवाब देई ने शंख पूरे तो धोबी री कुंडी में अंध मुख झूले। जो नर पाबू री आरती करावे तो अठोतर पींडी नारकी में पड़ी वे तो ले गंगाजी में जा।'

जैसे पड़ आरती से प्रारंभ होती है, उसकी समाप्ति भी आरती से होती है। यह आरती भिन्न होती है। इसमें पाबूजी की महत्ता एव महानता बखानी जाती है—

आरती भरभरियें मोतियां री गेहरो थाल,
आरती में हीरा मोती लाल जी
आरती में लूंबलूंबा कियो नारेल जी

आरती बेंड री ओ गादी धाम जी
आरती देवलिये रे दरबार जी ओ
आरती गोपासरिये री
आरती बेलासर वाली धाम जी
आरती धोरे री सैंगाल जी
आरती झाड़ै री पारस पीपली जी।

बूड़ोजी के घर विवाह मंडा तो गणेशजी का प्रथम सुमिरण क्या किया, उनका पूरा नखशिख ही उतार दिया। इसमें गणेश के अनूठपन में उन्हें बड़े पाँव वाला (मोटा ओ मोटा थारां पॉव), चौड़ी पीठ वाला (चवड़ी रे चवड़ी चौड़ी पीठ), मोटी तोंद वाला (मोटी रे मोटी थांरी तोंद), उजले दॉत वाला (ऊजला रे ऊजला थारा दॉत), लम्बी पतली सूंड वाला (लांबी रे पतली आ सूँड), छोटी-छोटी ऑंख वाला (छोटी रे छोटी थारी ऑंख) तथा बड़े सिर वाला (मोटो रे मोटो थांरो सीस) कहा गया है।

गणेश ही नहीं, इनके याद करने के तुरंत बाद ऊंदरा-ऊंदरी (चूहा-चुहिया) की लंबी लड़ाई की गाथा ही खुल पड़ती है। यह बिना किसी प्रसंग के प्रारंभ होती है जिसमें चूहा एक और शादी कर चुहिया को सौत लाने को कहता है। विवाह का नाम लेते ही चुहिया नींद में सोये दरजी का कपड़ा कुतर देती है। ढोली का ढोल कुतर लेती है। भांभण का ताणा कुतर लेती है। इतना सब करने के बाद अंत मे इस प्रसग का रहस्य खुलता है कि गणेशजी महाराज चूँकि मूसाजी की असवारी करते है, अत यहाँ चूहा-चूही का स्मरण आवश्यक हो गया है।

पाबूजी का जब विवाह मंडता है तब ये ही गणेशजी महाराज फिर याद किये जाते है। यहाँ कहने को तो यह कहा जा सकता है कि ये सब गौण प्रसंग है पर एक ही तरह के घटना प्रसंग के उबाऊपन से ध्यान हटाकर सुरूचिपूर्ण मनोरंजन और विनोद को बढ़ाते लगते हैं। इस तरह कथा - प्रसंगों की घटोतरी- बढ़ोतरी, अन्तरकथाओ का रेलमपेल और श्रद्धालु दर्शकों का परिपक्व मन मिलकर पड़ वाचन के उत्कर्ष एवं श्रेष्ठत्व को रिद्धि-सिद्धि सुख शान्ति के रूप में समायोजित करते है।

पड़ संगीत

पड़ का प्रचलन कंठ-दर-कंठ होने से इसकी गायकी विविध रही है परंतु मुख्यतः जिन रागों में यह गाई जाती है उसकी लय ताल कहरवा द्रुतलय, कहरवा अति विलंबित लय, कहरवा ताल मध्य लय रही है। शास्त्रीय संगीत की पूर्ण बंदिशें पड़ में मिलना मुश्किल हैं पर लोकसंगीत की दृष्टि से कुछ ऐसे विचित्र लय ताल स्वर मिल सकेंगे जिनकी जानकारी पड़ वाचक भोपे को भी शायद न हो। ठेगा या टेक पदों से गायकी में विशेष लोच और मधुरिमा का सहज समावेश हो जाता है। इसी प्रकार छंदों के संबंध में भी कोई एकरूपता देखने को नहीं मिलती।

पड़ में प्रयुक्त रागिनियों की स्वर लिपि इस प्रकार है—

1. कहरवा (द्रुतलय)

   सा रे सा नि सा सा सा ग ग ग म म म म ग रे ग म

   सा सा रे रे सा नि नि सा म- पध म प म ग रे सा सा सा सा सा रे ग गम-ग गसा सा

2. कहरवा (अति विलंबित लय)

   सा रे मम प- पप म निसा रे नि नि सा- सा मरे म + ...पप सा सासा +

   सा धप मरे -------नी------ ओ - सा सा सा सा

   रे निसा रे निनि रे -------- + ------ 0

3. कहरवा (ताल- मध्यलय)

   सा सा साध सा सा- सा ग गम धनि धप मप गम ग गम पध प- पध-प- पप- प पप-प

   मप धनि निसा निधप गम रेग गम पध पध म- गरे गसा सा सासा धध पध पम मप मग सा रेग रेग सा सा - - -

4. सा साग सा रेग सा सा सा निसा साम म गम गम पध- ध मध प- ध मध पम- प पनि धनि ध ध धनि धनि—

१२३५७

चित्रफलक

पड़ मे चित्रित चित्रो का हर समय एक रूप नहीं रहा। समयानुसार उनमे घटत-बढ़त होती रही। पड़ बनवाने वाला भोपा कभी अपनी चाह के अनुरूप चित्रो का संयोजन चाहता है तो कभी चितेरा भी अपनी पसंद की चित्र सज्जा कर पड़ को सागोपांग स्वरूप देने की चेष्टा करता है।

चित्रो का यह संयोजन गाथानुसार क्रमबद्ध नही होता। यदि ऐसा होता तो न तो पूरी पड़ खोलने की आवश्यकता रहती न भोपे-भोपिन को खुलकर उसकी प्रस्तुति ही देनी पड़ती। गाथा के अनुसार चित्र पूरी पड़ मे फैले होने के कारण वाचन के समय पूरी चित्रावली जीवंत हुई लगती है। यह पूरा पड़ भाग ही प्रदर्शन मंच होता है जिसमें वर्णनानुसार पड़ में फैले चित्रो को भोपा रावणहत्थे के गज की छुवन से दरसाता है और भोपिन अपने हाथ में रखे दीवट से रोशनी देती हुई नृत्य मग्न रहती है।

महत्वपूर्ण पात्रों का आकार बड़ा और उनके घने गाढ़े तथा अधिक चमक दमक देने वाले रंग पड़ की चित्रण विधि एव रंगविधान को दर्शाते हैं। विविध रगो मे सिन्दूरी मुख्यतः मुँह भरने के काम आता है अतः इसे मूण्डा (मुँह) भरणा कहा जाता है। पेडों का तल और नदी- समुद्र के किनारे भी इससे दिखाये जाते हैं। पीला रग वस्त्राभूषणों को निखारने में जबकि हरा वनस्पति तथा वस्त्र को उभारने में प्रयुक्त होता है। हरे रंग पर हिरमिच और उस पर लाल रंग की बिंदी लगने से उस चित्र का सौदर्य विशेष रूप से छविमान हुआ लगता है। आसमानी और काला रंग भी सुन्दरता को बढ़ाने वाले होते है। रंगो को अधिक निखार देने के लिए स्याही से उनका वाह्य रेखाकन किया जाता है। इससे चित्र विशेष यथा- ऑख, कान, मूँछ, नाक आदि की ओपमा मुँह बोलने लगती है। स्याही से ऐसी पतली-मोटी रेखाओं में किसी चित्र को बॉधने की क्रिया स्याही निकालना कहलाती है। रगो को तैयार करने की विधि के रूप मे छद मिलते है जिनकी याददाश्ती के सहारे चितेरे रंग बनाते है यथा—

काजळ कत्थो बीजाबोळ। उण में डालो गूद को जोळ।
थोड़ो जल अरू भांगरो मिले तो आखर आखर दीवलो जले॥

अब रंग ब्रुश कपड़ा सभी बाजार में मिल जाता है किन्तु चित्रों के सयोजन,

रंग सौष्ठव और उनके अनुरूप उसके कथा विन्यास की प्रतीती तो वही कलाकार करा सकता है जो पड़ चित्रण की समग्र प्रक्रिया और उसके कथा विन्यास की बारीकियों से सुपरिचित है। उदाहरण के लिए लाल काला चितकबरा रंग जो घोड़ियो को दिया जाता है वह उनकी विशिष्ट पहचान और तदनुरूप गुण-धर्म का प्रतीक है। घोड़ी का पाँव लाल अथवा काला होना भी एक विशेष अर्थ तथा प्रतीक को दर्शाता है किन्तु अनजान और परम्परा से विहीन कलाकार जब पड़ बनायेगा तब भूल जायेगा कि लाल रंग ऊर्जा का, शक्ति का, स्फूर्ति का प्रतीक है और ऐसे घोड़े-घोड़ी के पाँव मेहदी रचे भी होते हैं।

पड़ वाचक भोपों में कुछ ऐसे कलाकार भी हुए है जो पड़ चित्रांकन में भी बड़े दक्ष रहे। सोजत के भूराराम ने बताया कि वह स्वयं पड़ चितेरने का काम करता है। उसकी पत्नी पपली भी इस कार्य को बखूबी जानती है। पपली ने बताया कि उसने पड़ बनाने का काम उसके पिता से सीखा जब वह उम्र में छोटी थी। उसके पिता ने न केवल अपने स्वयं के लिए बल्कि दूसरे भोपो के लिए भी पड़ बनाई तब पपली भी रंग घोटने के साथ-साथ चित्र बनाना सीखती थी। भूराराम को भी उसी के पिता ने यह कला सिखाई।

भूराराम ने बताया कि यह पाबू देवता का वरदान है। उसे चित्र बनाने में बहुत ज्यादा श्रम और माथापच्ची नहीं करनी पड़ती। बातों ही बातों में उसने मुझसे कागज और पेन माँगा। मैंने अपनी डायरी का पन्ना उसे पकड़ाया तो उसने तत्काल ही पाबू-सोढ़ीजी का रेखांकन बनाकर मुझे दे दिया।

पपली ने बताया कि पड़ के समक्ष गाने और नाचने की कला उसे सेंतमेंत में ही हाथ लग गई। इसके लिए कोई कठोर परिश्रम नहीं करना पड़ा। और न किसी की मार ही खानी पड़ी। देवता के प्रति चेता हो तो सारे काम मुश्किल के भी आसान हो जाते हैं। उसके साथ उसका छह वर्षीय लड़का गुणेश भी था जो रावणहत्था लिए पड़ के सम्मुख नाचकर पर्यटकों का मन जीत रहा था। देखने वालों की सर्वाधिक भीड़ भी वही जुटा रहा था।

मैंने जब अपने संग्रह का पाबूजी की पड़ का पाठ सुनाया तो पपली स्वतः ही गाने लग गई और कहने लगी कि पाबूजी का ध्यान करते ही सुरसतमाई हिरदै विराज जाती है और कंठ-गले से गीत गायकी का उफान शुरू हो जाता है। जितने

दिन सुनो उतनी ही नई-नई गायकी बढ़ती जाती है, घटने का तो नाम ही नहीं लेती।

भूराराम का पूरा परिवार ही पाबूजी की पड़ बाँचनी में समर्पित है। एक लड़का गुणेश से भी अधिक कलाबाज है। वह हाथ की अँगुली के साथ पाँव के अँगूठे पर भी नाच के समय बड़ी तेजी की थाली घुमाकर दर्शक-श्रोताओं को अचरज में डाल देता है। पपली ने बताया कि पड़ बनाने के लिए अब तो रंग-ब्रश सब सीधे मिल जाते है पर पहले सारे रंग पत्थर रंग होते जो बड़ी मेहनत माँगते। घंटों तक उन्हें घोटते रहना पड़ता। ब्रश भी भूंगर नाम के जानवर के बालों से बनाया जाता जो बड़ी मुश्किल से हाथ लगता।[1]

यह सच है कि पड का कोई पात्र मंच पर प्रदर्शन देने नहीं आता। मगर कलाबाज भोपा अपने प्रदर्शन द्वारा उसे एक सम्पूर्ण नाट्यरूप दिये लगता है। तब हर चित्र सजीव लगता है और हर पात्र रंगस्थली में उतरकर अपने अभिनय, क्रियाकलाप तथा कथोपकथन द्वारा पूरे रंगदर्शन को सार्थक करता परिलक्षित होता है। चित्रों की रेखाएँ, उनका भरण, रंग वैशिष्ट्य, प्रकृति-पुरूषमय वातावरण दर्शकों को साक्षात् नाटक होने की प्रतीती कराता है।

पड़ की एक विशेषता यह भी है कि पात्र प्रारंभ से अंत तक अपनी उपस्थिति दिये रहता है। मानवीय नाटक की तरह पात्र अपने जिम्मे का अभिनय कर दर्शकों से ओझल नहीं हो जाते। वे बराबर उपस्थित रहते हैं और अपनी बारी आने पर चलायमान होते हैं और फिर स्थिर हुए असल अलौकिक बने रहते हैं।

पड़ का हर प्रसंग प्रस्तुति के समय जीवंत स्फूर्ति और शाही ताजगी लिये मुखातिब होता है। प्रसंग चाहे युद्ध का हो या युद्ध के लिए प्रस्थान का, घुड़सवारी का हो या तोरण चटकाने का, विवाह का हो या गायें चराने-चुराने का, बैठक मंत्रणा का हो या हुक्का तमाखु का; हर दृश्य और पात्र नाटकीय तत्वों से परिपूर्ण सजाधजा, चौकस और दिलदार दिखाई देगा। हवा से बातें करती, हिरण सी चौकड़ी भरती घोड़ी पर सवार, उन्नत ललाट, बड़ी-बड़ी आँखें, विशाल वक्षस्थल और शौर्य के धनी पाबूजी एवं उनका शाही परिवेश पूरी पड़ को ही तेजोमय बनाये रखता है। पड में चित्रित हहराते पेड़ पौधे, झिलमिलाते महल झरोखे, घोड़ो, की हुँकारें,

---

1 उदयपुर के शिल्पग्राम में 15 अक्टूबर 1996 को हुई बातचीत के अनुसार।

घमचखाते घूघरे, जीणपलाण, रणबाजों की तनी हुई मूछें, तेज आँखें, भरे होठ उन्नत नाक, जड़ाव जड़ी पगड़ी, हीरे पन्ने के हार, युद्ध का उन्माद लिये ढाले, कटारें, भाले सबके सब ओज और ऊर्जा के जीवंत पहरूए लगते हैं।

पड़ कला सम्पूर्ण रूप में राजस्थान की देन है। कुछ लोग इसे मध्यप्रदेश की देन मानते है। किंतु यह भ्रामक है। पहले मेवाड़ का पंचांग बहुत चलता था। इसे सर्वाधिक तो मध्यप्रदेश में ही खरीदा जाता था। इसमें चित्रकारी करने वाले राजस्थान के भीलवाडा जिले के गाँव पुर-मांडल के पड़ चितेरे ही होते थे। चित्रकला की शैली चूँकि पड़ चित्रों से हूबहू मिलती जुलती थी इस कारण भ्रमवश ऐसा हुआ। पड़ चितेरे श्रीलाल जोशी ने बताया कि उनके पुरखे ज्योतिष का काम भी करते थे। पंचांग प्रति वर्ष बनता। यह एक फीट चौड़े तथा सात फीट लम्बे कपड़े पर बनाया जाता। इसके दोनों तरफ लिखावट होती। ज्योतिष का काम करने के कारण लोग इन्हें जोशी कहने लगे जिससे कालान्तर में ये जोशी नाम से ही जाने जाने लगे।[1]

गायकी— इतनी बात कहते पाबू को गुस्सा चढ़ आया। बोले— चाँदा सामंत, केसर घोड़ी पर जीण पलाण मांडो। कहीं डाका डालें या झपट्टा मारें। गढ़ लंका की सीमा तोड़ दें। ऊँटनी ले आयें और केलम बाई को थमा दें। लंका की लाल भूरी ऊँटनी तो क्या उनके मेणा (शावक) तक को भगा लायें।

वार्ता— इतनी बात सुन चाँदाजी बोले— इस कार्य को अन्जाम कैसे देंगे? ऐसा न हो कि जल्दबाजी में हमारा किया कराया उल्टा हो जाय। हम पूर्व की ओर चलें और कहीं साँढ़ियाँ पश्चिम में रह जाँय और पश्चिम में चलें तो वे दक्षिण में हों।

कहाँ-कहाँ घोड़े दौड़ायेंगे। पहला काम तो यह करें कि किसी को पता लगाने भेजें ताकि वह अपने को साँढ़नियों का अता-पता लाकर दें। साँढ़नियाँ ले आयेंगे चाहे लंका में ही हों।

पाबूजी बोले— चाँदाजी तुम जाओ और साथ में डेमाजी को ले जाओ। सब तरफ पता लगाकर आना। चाँदा बोला— मेरी युक्ति मेरे ही गले आ पड़ी।

चारणी के हाथ, पाँच पान का बीड़ा भेजो। भरे दरबार में बीड़ा घुमाया जाय। जो नर साहसी होगा वही चुनौती स्वीकार करेगा।

गायकी— भवानी चारणी के हाथों भरे दरबार में बीड़ा घुमाया गया। जिस किसी के सामने बीड़ा पहुँचा उसकी नजरें झुक गई। कोई नर साहस नहीं कर सका

बीड़ा फेरने काफी देर हो गई। बहुत से सरदार काँपने लग गये। तेज ठंड चढ़ गई। बहुत सों को मृत्यु दिखाई देने लगी। कई दरबार से उठ चल दिये।

इसी बीच घूमते बीड़े को हरमल राईका ने झेल लिया। लेकिन वह भी मुँह लटकाये दरबार से बाहर चला गया। उसका मुँह कच्चे कमल के मुरझाये फूल की तरह कुम्हला गया।

वार्ता— पाबूजी ने पूछवाया— 'बीड़ा किसने झेला? ज्ञात हुआ कि हरमल राईका ने झेला।

गायकी— इसके बाद पाबूजी बुदबुदाये कि अरे हरमल राईका ने बीड़ा कैसे झेल लिया। वह कैसे लंका में जाकर टोह लेगा। वहाँ तो डाकिनियों और भूतों का साम्राज्य है। वहाँ की नारियाँ भी कैसी हैं जो बिलौनी पर नेतरों के लिए काले सर्पों का उपयोग करती हैं। लंका तिलस्मी धरती है। वहाँ गया व्यक्ति जीवित नहीं लौटेगा। उसकी हड्डी पसली तो मिल सकती है पर प्राण नहीं।

वार्ता— इसके बाद हरमल राईका ने पाबूजी को प्रत्युत्तर दिया— मुझे पता नहीं कि यह बीड़ा मैंने जानबूझकर झेला है या अनजाने में। मैं पहले अपनी माता के दरबार जाऊँगा। यदि माँ आज्ञा देगी तो लंका चला जाऊँगा अन्यथा लौट आऊँगा और बीडा वापस कर दूँगा।

राईका की बात सुनकर पाबू बोले— सुनो हरमल, तुम्हारी माँ कब कहेंगी कि तुम लंका जाओ।

गायकी— हरमल वीर माता के पास गया और मुजरा किया। अन्यमनस्क खडे हरमल को माता ने पूछा— क्या ठाकुर पाबू के दरबारी, प्रधान लडे हैं या चौपड़ में बाजी हार गये हो। वह बोला— न तो किसी से लड़ाई और न बाजी ही हारा। लंका जैसे परदेश की एक नौकरी बता दी है।

वार्ता— हरमल की माता बोली— पाबू की नौकरी छोड़ दो किसी सयाने

सरदार की नौकरी करो। हरमल ने पूछा— यह सयाना सरदार कौन है? माता बोली— चौईस सयाने सरदारों में बूड़ोजी ज्येष्ठ हैं, उनकी नौकरी करो।

गायकी— हरमल केसरिया वागा झटकाकर उठ बैठा और बूड़ोजी की कोटड़ी पहुँचा। बूड़ोजी से मुजरा किया। अलसाकर उठ बैठे बूड़ोजी ने हरमल से आने का प्रयोजन पूछा। हरमल ने उनके यहाँ नौकरी करने की इच्छा जाहिर की।

वार्ता— बूड़ोजी बोले— नौकरी करो तो अच्छी बात है, आपको जरूर नौकरी मिलेगी। मेरे दो घोड़े हैं जिनके बछेरों की देखभाल करो। बारह बरस तक यह नौकरी बजाते रहना। घोड़ों को चराने जाना, उनके लिए घास अपने सिर पर रखकर ले आना और सवारी मत करना। यदि घास की गाँठ लेकर घोड़े पर बैठ गये तो घोड़े की कमर टूट जायेगी।

घोड़ों को पायगा (अस्तबल) में बाँध देना और सेर-दो-सेर मिर्चें बाँटकर उनकी नाक में ठूँस देना। इस पर घोड़े सिर धुनने लगेंगे। पड़ोसी समझेंगे कि बूड़े राजा के घोड़े खड़े-खड़े हिनहिनाते हैं। इसके अलावा सेर-दो-सेर मुर्दरा कंकड़ घोड़ों के तोबड़े (चमड़े का बना थैला) में रख कर बाँध देना जिससे पड़ोसी समझेंगे कि दिनभर ही घोड़े दाना खा रहे है। इस प्रकार बारह बरस तक अपनी नौकरी बजाया करना। बीच में अपनी पत्नी को भी ले आना।

हँसते हुए बूड़ोजी बोले— अच्छे महल मे आप रहना। कोई टूटा फूटा महल मुझे सौंप देना। अपनी रेवारिन को कह देना कि सूर्योदय पूर्व पाँच-सात फुलके बना बूड़ोजी की कोटड़ी पहुँचा दे। यह नौकरी करते रहना। बारह वर्ष पूरे होने पर तांबे का टक्का (एक सिक्का) दे देंगे। उसमें से एक पैसे की तम्बाकू ले आना। उस तम्बाकू को कोथली में डाल धूणी कर रख देना। कोई आता जाता तम्बाकू फूँकता रहेगा। नाम बूड़ोजी का और पैसा आपका खर्च होता रहेगा

गायकी— हरमल बोला— बूड़ाजी, मैं जिन उम्मीदों के साथ यहाँ आया था वे सब धूमिल हो गई। छप्पन करोड़ की जगह आप तो कौड़ियों के दातार मिले हो। भूखों के तो बड़े देव लक्ष्मण (पाबू) ही हैं। मैं उनको और उनकी नौकरी को नहीं छोडूँगा।

वार्ता— (इसके साथ ही हरमल ने निश्चय किया कि) लंका तो क्या, परलंका (और कोई देश) भी हो तो खोजने जाऊँगा लेकिन ठाकुर पाबू की नौकरी कभी नहीं छोडूँगा।

बत्तीसा— तैंतीसा अकाल पड़ा।[1] इस दुर्भिक्ष में और लोग तो क्या देवता भी अन्न के अभाव में खाली हाथ (जैसी कि कहावत है— खाली हाथ मुँह में नहीं जाता) की अँगुलियाँ चबा गये। चारे के अभाव में ब्यांत गायों ने अपने बछड़े छोड़ दिये। तब भी पाबूजी ने केसर युक्त चकाचक घीदार चूरमा खिलाकर हमारा लालन-पालन किया, हमें बड़ा किया। हम भला उनकी नौकरी कैसे छोड़ें! न आज छोड़ेंगे न कल। यदि नौकरी छोड़ दे तो नमकहराम कहलायें। मै जरूर लंका तो क्या और भी कोई मुश्किल हो तो भी पता लगाकर आऊँगा।

गायकी— हरमल वीर तत्काल उठ खड़ा हुआ जैसे सोते से जगा हो। वह पाबूजी के निवास की ओर रवाना हुआ। रास्ते में सुथार के घर पहुँचा और सुहाने चंदन वृक्ष का गोटा (मुगदर) बनवाया। फिर दर्जी की दुकान पहुँचा जहाँ से अंगवस्त्र सिलवाया जिसके गले में गोटण (मेखली) लगवाई। फिर लोहार की दुकान जाकर असली लोहे का चिमटा घड़ाया।

यहाँ से गेरूघर की दुकान पहुँचा और गेरू खरीदा। यहाँ से वह सरोवर की पाल पहुँचा और गेरू से अपने कपड़े भगवा किये।

---

1. यह अकाल पाबूजी के जीवनकाल मे सवत् 1332-33 मे पड़ा था। इब्नबतूता ने अपनी 'भारतयात्रा' में इस अकाल का जिक्र किया है। इस दुर्भिक्ष में जनजीवन बहुत त्रस्त हुआ। उसकी स्थिति अकथनीय थी।

इसी बीच पूर्व की ओर से जोगियों की जमात आ गई जिनमें से आधी पारस पीपली के नीचे बैठी और शेष जोगी पाबू के पूरे गड़दी कोट में ठहरे। हरमल ने पाणीदार श्रीफल बधारा और गुरू गोरखनाथ को नमन किया। बोले— मुझे अपने हाथों से शिष्य बनालो और आशीर्वाद दो।

वार्ता— गुरूजी बोले— सुनो हरमल, तुम्हे चेला बनाने की मेरी हिम्मत नहीं। तुम्हे यदि शिष्य बनाऊँ तो मुझे पाबू का उपालम्भ लगे। हरमल बोला— लो, यह बड़े देव स्वामी लक्ष्मण के अवतार पाबू का हुक्म ले आया हूँ।

गायकी— गुरू बोले— सुनो हरमल, छुरियों के घाव, धूणी का ताप तथा घर-घर भीख माँगना बड़ा मुश्किल लगेगा। हरमल बोला— मुझे तो छुरियों के घाव, धूणी का ताप और घर-घर की भीख माँगना सहज लगता है। गुरू बोले— सुनो हरमल, शिष्य प्रशिष्य बनाऊँ। हरमल ने कहा— मेरी बला से शिष्य मुंडो या प्रशिष्य, मुझे तो गोरखनाथ का शिष्य बना ही लो।

वार्ता— सुनो गुरूजी, आपके भले ही धरती पर छप्पन करोड़ शिष्य मुंडे हों लेकिन मेरे समकक्ष एक भी नही है। गुरूजी बोले— हरमल, तुम्हारे में क्या गुण हैं? हरमल ने कहा, मेरे में यही गुण है कि यदि मेरे बायें कान से खून की और दायें कान से दूध की धार बहे तभी मुझे शिष्य बनाना।

गुरूजी बोले— सुनो हरमल, मैंने छप्पन करोड़ शिष्य बनाये किन्तु दूध किसी चेले के नहीं निकला। क्यों इतना असत्य संभाषण कर रहे हो। तुम्हें चेला बनायें किन्तु तुम लंका में साँढ़नियाँ खोजने जाओ तो वहाँ तुम्हारी जाति के रेबारी तुम्हे पहचान लेंगे। मैं तुम्हें जोगी बनाकर भेजूँ तो कोई रेबारी नहीं पहचानेगा। तुम साँढ़नियों को ढूँढ़ने जरूर आना। साँढ़नियाँ लाओ उस वक्त एक साँढ़ को बाबा बालिनाथ के

नाम करके छोड़ देना तब मैं चेला अवश्य बना लूँगा। साँढ़नी के दूध की जावण (जामन) नहीं लगती है, यह गुरू- वाक्य है।

गायकी— गुरूजी ने अपने हाथों में छप्पन कटार ली। देखते ही देखते बायें कान से रक्त धारा और दायें कान से दूध की धार बह निकली। एक आवाज सी आई— हरमल, तुम्हारी माता को धन्य है। तुमने भी पाबूजी की अच्छी नौकरी की है। हरमल बोला— सुनो गुरूजी, मैं लंका जाना चाहता हूँ। मुझे कोई ऐसा अनोखा उपाय बताओ।

वार्ता— इसके बाद गुरूजी ने हरमल को अपना चमत्कारिक खप्पर दे दिया। हरमल के प्रश्न पर उन्होंने बताया कि इस खप्पर में यही गुण है कि पाबू का नाम ले इसे औंधा कर देना, पाँच आदमी खायें उतना भोजन इसमें से ले लेना। उन्होंने एक ऐसी पादुका भी दी जिसका गुण यह था कि यदि बीस कोस[1] जाना हो तो पचास कोस जाने की सामर्थ्य पैदा हो जाय और थकान बिलकुल न आये।

12

गायकी— आगे दरिया मिलेगा। पाबू और गुरू गोरखनाथ का नाम स्मरण करना। हरमल तारांछाई मध्य रात्रि में निकल पड़ा। उसने दिगम्बर जोगियों का भेष धारण किया। पहला विश्राम मार्ग में और दूसरे मे जननी के निवास पहुँचा और अलख जगाई कि रमते जोगी को भिक्षा देना।

हरमल की माता बोली— देहरियों के बाहर चला जा। उसने ब्यांत— अनब्यांत भैंसों को भड़काया। रेबारिन गजमोतियों से भरा थाल ले मोती देने बाहर निकली। बोली— जोगी तेरा खप्पर प्याला मांड ताकि समुद्र के पार के मोती तुझे दे सकूँ। रेबारिन पास आई। हँसते हुए हरमल को देख जब उसकी सूरत पर नजर ठहरी तो यकायक उसे अपने पति का चेहरा नजर आया। उसने झट से घूँघट खींच दिया और पीछे फिर गई।

---

1. एक कोस लगभग तीन किलोमीटर के बराबर होता है।

बहू को इस तरह रूदन देख सास ने पूछा कि यह जोगी खड़ा है, वह तुम्हारा देवर है या जेठ, क्या लगता है तुम्हारे? क्या तुम्हारा मन भगवे वेश में रम गया (या यूँ ही मुँह फेर खड़ी हो गई?) बहू बोली— हे सास! न तो जोगी मेरा देवर है न जेठ और न ही मेरा भगवे में मन लगा है। इनकी खिलखिलाती बत्तीसी और शक्ल सूरत देख मुझे आपके प्रेमी- पुत्र (मेरे पति) की याद आ रही है। भला, इनके पास आकर हीरे-मोती का दान करते हाथ क्यों रूक गये।

आज तो आप अपने जाये को ही भूल गये। जब अपने जाये के बारे में सुना तो माँ हरमल से मिलने उतावली हुई।

माँ ने अपने बेटे हरमल से तहकीकात की कि तू जोगी क्यो हुआ? अपने मन की सच्ची बात बता। कई दिनों से तुम्हारे लौटने का इन्तजार कर रही हूँ। हरमल बोला— माता, भाद्र महीने में मेरे आने की प्रतीक्षा करना। मैं आ जाऊँगा। माँ बोली— तुम्हारी बहिन का विवाह होने को है। कौन शादी करायेगा और कौन दहेज भरेगा? हरमल बोला— चाँदा डेमा शादी करा देगा और ठाकुर पाबू बहनों के लिए दहेज भर देंगे। माता तू होशियार रहना। भरे भाद्र माह में तुम्हारे दरवाजे पर आऊँगा। उसने आगे आकर देखा कि बायाँ रास्ता जामल कठोती जाता है और दायाँ सीधा लंका को।

तारों भरी मध्य रात में हरमल चला। एक विश्राम मार्ग में लिया। दूसरे में यक्षिणियों ने रास्ता रोक लिया और उसे डराने धमकाने लगी। दाँत किड़किड़ाती, बड़बड़ाती, केश बिखेरती और नाना प्रहार करती हुई यक्षिणियाँ हरमल पर आ झपटीं। बोली— सुनो गुरूजी, बहुत दिनों से भूखी हम तुम्हारा इन्तजार कर रही थीं। आज जैसे हमें मन के मोतीचूर मिल गये हों।

यह सुनना था कि हरमल को गुस्सा चढ़ आया। मन ही मन विचार करने लगा कि लंका तो पहुँचे ही नहीं और बीच में ही यह कौन सी

लंका आ पडी है। ठाकुर पाबू ने जो बात कही वह सही निकली है।

हरमल बोला— सुनो यक्षिणियों, बाबाजी की बात सुनो। किस उपाय से तुम मेरा पीछा छोड़ोगी। धूणी पर तप-तप कर मेरी हड्डियाँ तक सूख गई हैं। (अर्थात् तन पर माँस नहीं है), मुझे क्या खाओगी! मुझे जो खाना चाहो तो तुम्हारे दाँत टूट जायेंगे। यदि खाना ही हो तो शहर मे जाकर किसी पेटूराम को खाओ। हलुआ खाये, लड्डू खाये या अन्य खाये पीये को खाओगी तो आनन्द आयेगा।

डाकिनियाँ बोली— सुनो बाबाजी, मोटे ताजे को खाने से तो हमारे दाँतों की जड़े हिल गई है। तुम्हारी सूखी हड्डियाँ यदि चबायेंगी तो हमारे दाँतो की जड़ें मजबूत हो जायेंगी।

बाबाजी ने विचार किया कि भागकर जाऊँ तब भी ये मेरा पीछा नही छोड़ेंगी। डाकिनियॉ ज्यों-ज्यों बाबा के नजदीक आती गई त्यों-त्यों बाबा को काला-पीला बुखार चढ़ता नजर आया।

इतने में बाबा बोला— सुनो डाकिनियों, तुम मेरी धर्म की बहन लगती हो, मुझे छोड़ दो। तब उनमे से एक अजबू बोली— सुनो बाबाजी, तुम हमें बड़ी मुश्किल से तो हाथ आये हो जैसे मोतीचूर के लड्डू।

इतना सुनते ही बाबाजी को गुस्सा चढ़ आया। बोले— सुनो डाकिनियों, थोड़ी ठहर जाओ। मेरा एक और साथी आने वाला है। तुम दोनों के हिस्से में एक-एक आ जायेगा। डाकिनियॉ बोली— वह कहाँ आ रहा है? जोगी वेशधारी हरमल बोला— वह रातड्या रणजोड़ (मैदान) में है। उसे तुम्हारे जैसी ही दो मिलीं। उनमें से एक को तो वह अमल के नशे में पूरी की पूरी निगल गया और दूसरी को नचाता रहा।

यह सुनना था कि डाकिनियों ने पूछा— वह कैसा मनुष्य है? हरमल बोला— उसके हाथ में लट्ठ, अफीम का गोला और कड़ा है। वह दिन रात नशे में रहता है। उस शख्स का नाम डेमाजी है।

डेमाजी का नाम सुनते ही डाकिनियों को बुखार चढ़ आया और दस्तें लगने लग गई। वे बेहद भयभीत नजर आने लगीं। उन्होंने कहा— हमें गुरू गोरखनाथ की शिष्याएँ बनालो और डेमाजी से कभी हमारा परिचय मत कराना।

डाकिनियाँ मारे भय के रूप-बेरूप हो गई। उनके सिर के बाल टूट-टूट कर जमीं पर आ गिरे। हरमल का रास्ता साफ हो गया। वह आगे बढ़ा।

गायकी— हरमल समुद्र तक जा पहुँचा। समुद्र में तेज फेनिल ज्वार आया। लहरें इतनी डरावनी लगने लगीं कि आगे जायें तो डूब मरे और पीछे आये तो बाई केलम के कष्ट याद आयें।

वार्ता— हरमल को ठाकुर पाबू के वचन भी याद आये। उसने चंदन की धूप दी जिसकी गंध से समुद्र मे रास्ता हो गया। वह समुद्र लाँघ कर पार पहुँचा।

गायकी— मोरों के बोलते, गर्जते मेह में हरमल साँढ़ियों के बीच जा पहुँचा। वहीं उसने धूणी रमाई।

वार्ता— (जोगी बने हरमल ने यहाँ कुछ अनोखा ही रहस्य उद्‌घाटित किया) उसने चंदन की माला को तोड़कर धूणी में डाल दी और साँढ़ियों के मेंगनियों की माला कर पहनली। वह ऊँट के मेंगनियों और भैंस की सींगों की बनी माला फेरता और राम को याद करता। एक-एक भजन ऐसा बोलता कि पहाड़ के पहाड़ उड़ते नजर आते।

दिन अस्त होते चरवाहा आया और साँढ़ियों को घेर-घेर कर ले जाने लगा। जब वह बीच में बैठी साँढ़ियों के पास पहुँचा तो सोचने लगा,

यह घड़ा धन्य हे और धन्य मेरे भाग्य कि गुरूजी आज मेरे यहा पधारे हैं जो अवश्य ही मुझे अपना शिष्य बनायेंगे।

गायकी— वह पानीदार नारियल तोड़कर रखता रहा और हरमल के पाँव पकड़ पड़ा रहा। इस तरह उसके पाँच माह व्यतीत हो गये। छठे माह उसे अपना मरूधर देश याद आया।

वार्ता— एकाक्षी (काने), लंगड़े और गंजे, ये तीनो ही कब्दी (उत्पाती) होते हैं और सदैव आगे रहते है। इतने में काने रेबारी ने अक्ल की बात सुझाई और बोला— इस बाबा की काँख में छुरी है और इसे बुराई देखना प्रिय है। यह साँढ़ियों का भक्षक है। यदि ऐसा नही हो तो रावण की माता सिकोतरी के पास चले और पूछताछ करें। वह छह महीने आगे और छह महीने पीछे की बात बता देनी है। जैसा होगा वैसा प्रकट कर देगी।

गायकी— कोई आधे चरवाहों ने कहा कि साठ की वय में बुद्धि का क्षरण हो जाता है। सिकोतरी के पास जाने वालों ने श्रीफल तोड़े और अर्धरात्रि को उसे जा पुकारा कि तुम सोई हो या जाग रही हो?

वार्ता— राजा रावण की माँ सिकोतरी— आधी रात में हल्ला करने वाला कौन है? मुझे कच्ची नींद में किसने जगाया? वे बोले— ये तो हम तेरे ही चरवाहे गोठी है। सिकोतरी ने कहा— गोठी होठी कुछ नही जानती, कोठी में बंदकर अक्ल दुरस्त कर दूँगी।

इतना कहते ही वह हाथ में मूसल लिये ओठियों पर टूट पड़ी। हाथ जोड़ ओठी बोले— माताजी, हम तो आपसे एक बात पूछने आये हैं। छह महीने से हमारी साँढ़नियों के जोक (समूह बद्ध चराई) में एक जोगी आ धमका है। वह जोगी नहीं, सांढ़ियों का भोगी है। इतना सुनते ही आधे चरवाहों ने सिकोतरी की बात मान ली जबकि आधे ने उसकी बात मानने से इन्कार कर दिया।

ाथ चरवाहों ने पानागार नारियल तोड़े और गुरु गोरखनाथ का मन किया। आधे अपने-अपने हाथों में लट्ठ ले बावे पर पिल पड़े।

ुरु ने मन में सोचा, पाँच माह हुए जब तक तो कुछ नहीं हुआ। ाजा रावण की माँ सिकोतरी के पास गये। उसी के बताये भेद पर ये पिल पड़े हैं। उसने बुदबुदाते हुए धूणी की राख उड़ाई और पाबू को पुकारने लगा। आश्चर्य हुआ कि इससे रेबारियों के हाथ ऊँचे के ऊँचे रह गये।

चरवाहे बोले— यह तो बड़ा तांत्रिक है। जादू करके इसने हमारे हाथ ऊँचे के ऊँचे रख दिये। वे बोले— बाबाजी, हमारे हाथ सीधे करो। तुम्हें बैठने को ऊँट देंगे। ऊँट का नाम लेते ही उसने गुरू का स्मरण किया। इससे उनके हाथ पूर्ववत् हो गये। इस तरह हरमल पाँच माह लंका में रहा और छठे माह मरूधर लौटने की सोची।

तारों भरी अर्ध रात्रि में हरमल रवाना हुआ समुद्र लाँघ इस पार आया। उसने रेबारियों को पुकारा— लंका के चरवाहों सुनो! लाल भूरी साँढ़नियों को कुशलता के साथ चराना।

मैं छह महीने में लंका से सारी साँढ़नियाँ उड़ा ले जाऊँगा तब वहाँ न दूध नजर आयेगा न दही। मेंगनियों तक को उदई खाकर नष्ट कर देगी। साँढ़ का लाल केश तक नहीं बचेगा।

इतना सुनते ही लंका के चरवाहों ने प्रत्युत्तर दिया— सुनो बाबाजी, यह तो तुम्हारी तकदीर ठीक थी जो ऐसी बात उस पार जाकर कही अन्यथा यहीं खड्डा खोद तुम्हें जमीन में दफन कर देते।

सुना अनसुना कर तारों भरी मध्य रात्रि में हरमल आगे बढ़ गया। उसे इस बात पर फख्र था कि वह लंका की लाल भूरी साँढ़ का पता कर आया है।

हरमल ने माता के दरबार जा पुकारा— मेरी माँ उठो। लंका गये नर

पुन लौट आये है मा ने सातो दरवाजे खाल दिये आधी रात म हरमल ने महलों में दीपक जलाये और बैठकर माँ के साथ सुख दुःख की बाते की। दूसरी ओर पाबूजी और चाँदाजी चौपड़ खेल रहे थे।

वार्ता— पाबू बोले— सुनो चाँदाजी, आज आधी रात में हरमल के महलों मे दीपक क्यो जल रहे हैं? चाँदा बोला— या तो हरमल को पुत्र-रत्न की प्राप्ति हुई है या वह लंका जाकर लौट आया है।

गायकी— जाओ चाँदाजी, हरमल के घर जाकर पता लगाओ। चाँदाजी उठे। केसरिया बागा झिटका और हरमल की कोटड़ी चले।

वार्ता— वहाँ जाकर देखा तो हरमल बाबाजी के रूप में महिलाओं के बीच बैठा हुआ सुख दुःख की बात कर रहा है लेकिन चाँदाजी उसे पहचान नहीं सके। उन्होंने जाकर पाबूजी से कहा कि कोई गुरू आया है जो सुख दुःख की बात कर रहा है। हरमल अभी लंका से नही लौटा है।

गायकी— सूर्योदय हुआ। हरमल ने भूरागढ़ की कोटड़ी में अलख जगाया। ठाकुर पाबू बोले— 'सुनो चाँदाजी, इस जोगी का घरबार कहाँ है? यह किस धूणी से सम्बद्ध है? जाकर पूछो, यदि वे चाहें तो उनके लिए सुन्दर सुरम्य मंदिर बनवा दिया जाय।

(इसी बीच बाबा ने अपना भेष उतारना शुरू कर दिया और हँसता हुआ बोला—)

वार्ता— सुनो पाबूजी, यदि एक ही जगह रहते तो गाँव ही क्यों छोडते। इतना सुनते ही पाबू ने बाबा पर दृष्टि डाली तो वेश बदले हरमल राईका को पहचान लिया। पाबू खिलखिलाकर हँस पड़े और चाँदाजी से बोले— आपने तो किसी जोगी की बात कही थी पर वह तो अपना हरमल राईका है जो साँढ़ियों की खोज में गया था। हरमल ने मुजरा किया।

हम पुराने रास्ते से लंका को चलेंगे। चाँदा सामंत मकलीगर की दुकान जाकर असली बीजलसार के भाले बनवाओ। पाबू की फौज के आगे नगारे बजने चाहिए।

ढोल के ढ़माकों पर पाबूजी की फौज रवाना हुई। राठौड़ी राजा (पाबू) घोड़ी पर सवार हुए। यह देखकर कोई उन्हें शूरवीर सामंत बताता तो कोई भीमकाय बादलों के बीच चमकती बिजली। उनके आगे फौजो के झुंड चले। केसर कालमी घोड़ी रम्मत करती आगे बढ़ी जा रही थी। एक विश्राम रास्ते में लिया और दूसरे में समुद्र पर जा पहुँचे।

वार्ता— पाबू समुद्र तट पहुँचे तो जल-राशि पूरे ज्वार पर थी। नशे में डोलते डेमोजी को घूघरी की याद आ गई। उन्होंने पाबूजी से कहा— यदि आपने मन दो मन की घूघरी बनाई हो तो मेरे लिए भी रखना। मुझे कोरे कालजे (मुँह अंधेरे, सुबह-सुबह) अफीम खाते ठीक नहीं लगता।

गायकी— पाबू बोले— सुनो डेमा, इस धरती ने भी बड़ा गजब किया है। समुद्र हमारी राह में रोड़ा बना है।

वार्ता— डेमाजी बोले— यदि आप आज्ञा करें तो एक घूँट में समुद्र पान कर जाऊँ या फिर सारा पानी बादले (जलपात्र) में भर दूँ या फिर भाप बनाकर आकाश में उड़ा दूँ और मारवाड़ में जहाँ पानी का घोर अकाल है वहाँ पानी ही पानी कर दूँ।

गायकी— पाबू बोले— समुद्र की एक घूँट भरते ही उसमें रहने वाले मत्स्य-जीवों पर संकट आ जायेगा। यह पाप मुझे लगेगा। मुझे पानी की आड और मेरे सामंतों को मगरमच्छ बनना पड़ेगा। क्यों नहीं घोड़ी को जलपक्षी आड़ बनाकर पानी में उतार दें और समुद्रपार कर लें। इस तरह समुद्र पारकर दूसरे किनारे पहुँचे।

एक घोड़ी को बैठी हुई ऊँटनियों के समूह में लेकर गये। केसर घोड़ी

पर सवार पाबूजी पहुँचे। समूचे समूह को घेर लिया और एक दल (टोला) पर कब्जा कर लिया। इनमें से आधी साँढ़नियों के गले मे घूघरमाल (पट्टा) और आधी के रेशम के पुवाईदार फूँटे नहीं थे।

चाँदा ने कहा, लंका में सांढ़ियों का लाल केश तक नहीं छोड़ा है। पीछे डेमोजी समूह में कहीं अमल तमाखू करने की फिराक में रह गये है। वहीं कुछ थकी माँदी साँढ़ियाँ भी थीं। वहाँ उन्होंने एक ऐसी झोली बनाई जिसमे छोटे बछड़ों को बाँध दिया और इस तरह चतुराई कि लंका में साँढ़ तो क्या, उसका एक केश भी नही बचा।

इस तरह पाबू ने लंका में साँढ़ियों की रेवड़ को आगे बढ़ाया और एक तरह से डाके का डंका बजा दिया।

साँढ़ियों की रेवड़ के साथ-साथ केसर कालमी पर पाबू भी आगे बढे। फिर साँढ़नियों के चरवाहों से बोले कि यदि रोकना हो तो अपने राजा रावण को बुलाओ। हमने तो तुम्हारी ऊँटनियों को लूट ही लिया है।

एक हरकारा भागकर रावण की कोटड़ी पहुँचा जहाँ रावण गहरी नींद मे सोया था। उसे बताया गया कि उसके राज्य में धाड़ेतियों ने धाडा डाला है।

रावण को विश्वास नहीं हुआ कि भला ऐसा भी कहीं हो सकता है। वह बोला— तुमने कहीं गीली मिट्टी की भाँग की गोटी तो नही चढा ली है या कहीं दूध-दही साथ तो नहीं पी लिया है। हरकारे ने स्पष्ट किया कि नही हुजूर, ऐसा नहीं है।

राजा रावण बोला— सुनो चरवाहों! मेरी धरती पर ऐसा रानी जाया एक भी नहीं दिखता और न ही कोई राजपूत ऐसा कर सकता है।

चरवाहा बोला— सुनो लंकापति रावण, तुम अपने महलों में भले ही गर्व करते रहो पर तुम्हारी सांढ़ियाँ तो मरूधर में पहुँच चुकी है। रावण ने तत्काल क्रोध में कहा कि इस डकैती के मुझे निशान बताओ

वार्ता— चरवाहे ने कहा, आप क्या निशान देखोगे! जो आया था वह काली घोड़ी पर सवार योद्धा था। आम्ररंगा या केरी भांत फैंटाधारी, गादीपति शूरवीर और उनके सामंत थे। लंकापति बोला— मुझे डकैती के निशान मिले हैं लेकिन पाबू की भगाई साँढ़ियाँ वापस अपने कब्जे मे नहीं आई किन्तु यदि इस वारदात के लिए मुकाबला नहीं करेंगे तो पाबूजी समझेंगे कि रावण भयभीत होकर बैठ गया है।

गायकी— इतना कहते ही अविलम्ब लंकापति रावण के, युद्ध के बाजे बज उठे। ढोल बजे। नगाड़ो के बीच रावण की फौजें निकली।

रावण की फौजें गधे की तरह रेंकती— दहाड़ती, सूप की तरह शस्त्रों को हिलाती, जल्दी पैर उठाती चल। किसी के हाथ में तलवार थी तो किसी के हाथ में बंदूक। कोई तीर से लैस था तो कोई ढालधारी। युद्ध का नगाड़ा बजाती रावण की फौजों को आई देख पाबू डेमा से बोले— चौड़ेधाड़े रावण से झगड़ा क्यों करें? इस पर डेमा बोला कि आप कैसी अनुचित बात कर रहे है। मरना और जीना तो तय है फिर भला विचार क्या करना। आप तो छाती ठोककर तैयार हो जाओ।

समुद्र के पार रावण की फौजे चढ़ आई। आती हुई फौजो को डेमा ने आड़े हाथों लिया और चरवाहों ने ऊँटनियों को संभाला। डेमाजी के चुटकी बजाते ही तरकश में पड़े तीरों की वर्षा होने लगी और रावण के सैनिक (बसंत में गिरते) पीपल के पत्तों के मानिंद धराशायी होने लगे।

इस तरह रावण से युद्ध जीत लिया। यह घमासान ऐसा था कि जैसे आसमान में बादल फट पड़े। धरती में कंपन आ गया और शत्रुभाव का विद्युतपात हुआ। रावण की सारी फौज काम आ गई। जीवित केवल रावण की सवारी ही बची।

डेमोजी ने रावण से मुखातिब होकर कहा, पाबूजी ने हुक्म न दिया अन्यथा तुम्हारा सर भी कलम कर लिया जाता।

रावण की फौज का सफाया हुआ। रावण को सबक देकर छोड़ दिया। इस युद्ध को देख केसर कालमी उत्फुल्ल हो हवा से बातें करने लगी।

इस तरह पाबूजी ने रावण के महल पर अपना भाला गाड़ दिया और वहाँ पहले ही पराक्रम दिखा चुके हनुमानजी के यश को एक तरह से और बढ़ाया। दीनहीन रावण की बत्तीसी से चार दाँत निकाले और उन्हें चारों दिशाओं में फेंके जिससे मक्की (धान) का उद्भव हुआ।

यह वही रावण था जिसके लिए कहा गया कि उसके दस सिर और बीस भुजाएँ थीं अर्थात् दस सलाहकार पार्षद और बीस रक्षक सामंत थे। इस तरह पाबू ने पशुधन पर अपना प्रभुत्व कायम किया।

राजा रावण का संहार कर राती भूरी साँढ़नियों की रेवड़ लिए केसर कालमी सवार पाबू ससैन्य आगे बढ़े। एक विश्राम रास्ते में किया और दूसरा सोढ़ा राजपूतों की सीमा में। पाबूजी ने डेमा से कहा— हम किसी राज्य की सीमा मे हैं जो इतना सम्पन्न नजर आता है। ये गढ़ के कंगूरे भी किस राजा के हैं। डेमा बोला— यह सीमा सूरजमल सोढ़ा के राज्य की है और पृथ्वीमल सोढ़ा के गढ़ के कंगूरे दिखाई दे रहे हैं।

तारों से छाई अर्द्ध रात्रि में राठौड़ी राजा (पाबू) चले। सूर्योदय अमरकोट में हुआ जहाँ डेमाजी ने पाबू से दो घड़ी विश्राम के लिए आग्रह किया लेकिन यहाँ सोढ़ा राजपूतों का कुसुमाकर बाग तो बारह वर्षो से सूखा पड़ा था।

पाबूजी ने विश्राम करने से इन्कार कर दिया। डेमाजी ने पुनः आग्रह किया तब पाबूजी ने अपनी सत्कला से सोढ़ों का बाग हराभरा कर दिया।

चाँदा और डेमा की इस आग्रह युक्त कला के बाद वर्षों से निष्क्रिय पड़े मेढ़क टर्राने लगे। पपीहा और मोर कूकने लगे तथा (सन्यस्त भाव में) चुप बैठी कोयल भी कुहकने लगी।

पाबूजी ने घोड़ी पर जीण कसने को कहा। अश्व हिनहिनाये। उनके खुरों से आसमान कंपित होने लगा। केसर घोड़ी के टाप से सोढ़ा के गढ़ के कंगूरे काँपने लगे। इस बीच जब फूलवंती बाई अपने नौसर हार की पुवाई करवा रही थी तभी थाली में पड़े असली मोती इधर-उधर हुए। यह देख फूलवंती अपनी सखियो से बोली कि देखो धरती में दरार पड़ गई है अथवा कोई विशिष्ट भूमिपति अवतरित हुआ है।

सखियाँ बोली— हे भगवान! धरती को फटने से बचाओ अन्यथा पतंगो की तरह गायों के छोटे बछड़े मर जायेंगे और इससे बडा अनिष्ट होगा। लेकिन विशिष्ट भूपाल हमेशा ही अवतरित हों। यह कहते ही एक दासी ने गढ़ पर चढ़कर बाग में देखा तो पता चला कि वहाँ कोई परदेशी राजा रूका हुआ है।

दासी ने साँढ़नियों के समूह, केसर घोड़ी और सामंतो सहित परदेशी राजा के आगमन का समाचार फूलवंती बाई को दिया और कहा कि उसके साथ में किसी अन्य देश के अज्ञात चौपाये हैं। उस राजा का मुखमंडल सूर्य की भाँति दैदीप्यमान है। उसके साथ शूरवीर और सामंत भी हैं।

यह सुन फूलवंतीबाई बोली— आँखों में काजल सूरमा सजाओ। हरे रंग की मोहनी बिंदी लगाओ और आभूषणों की मंजूषाएँ खोल दो। तीजणियों (सखियों) ने सोलह ही नहीं बत्तीस श्रृंगार किये। इसके बाद फूलवंती स्त्रियो को साथ ले झूला झूलने को उद्यत हुई। रथवान को बुला भेजा।

उसे रथ जोतने को कहा। रथवान ने पूछा कि— आज्ञा दें, तो घुड़वेल

[illegible] फूलवंती गई और उनकी सहेलियाँ रथ व नागों में सवार हो गाती बजाती झूला झूलने चली। नजदीक आकर माली को आवाज लगाई कि बाग की खिड़की खोल देना। बाहर सोढ़ों के घर की सातों तीजणियाँ खड़ी हैं। माली बोला कि बागों की खिड़कियाँ खोलने में थोड़ा समय लगेगा क्योंकि अन्दर पाबूजी का डेरा है।

यह सुन कर फूलवंती बोली—

सुनो माली— यदि बाग मे प्रवेश पाऊँ तो मैं अपने गले का नौसर हार दे दूँ और लौटने पर अपने हाथों में पहनी स्वर्ण मुद्रिका।

यह सुनकर लालची माली ने तत्काल खिड़की खोल दी। फूलवंती ने भीतर जाकर चंपा की डालपर झूला डाला।

अन्य तीजणियाँ तो दो-तीन मिलकर किन्तु फूलवंती अकेली झूलने लगी। इस बीच उसने सखियों से बाग में रूके परदेशी राजा के रूप-रंग का वर्णन किया और कहा कि राजा का मुखमंडल सूर्य की तरह शोभायमान और स्वाभाविक कुलीनता चन्द्रमा की भाँति निर्मल है।

दूसरी तीजणियों ने सोये उमरावों को देखा जबकि फूलवंती पाबूजी की ओर सम्मोहित हो निरखने लगी। तीजणियाँ अपने हाथों के हथफूल, गजरे गूँथने लगी जबकि फूलवंती ने सेवरा ले जाकर मालिक के हाथ दिया और कहा कि तू मेरी धर्म बहिन है। मेरा इतना काम तो कर कि यह सेवरा (सेहरा) पाबूजी के यहाँ पहुँचा दे। मालिन सेहरा लेकर पाबूजी की कोटड़ी चली।

कोटड़ी जाकर मालिन खड़ी हो गई। पाबूजी के निर्देश पर चाँदाजी ने उससे आने का प्रयोजन पूछा। मालिन ने केसर घोड़ी के गले में मांगलिक माला पहनाई और सामंतों का भी माल्यार्पण किया। आगे जाकर पाबूजी को नजराने में सेहरा भेंट किया। मालिन का यह कृत्य सबसे अटपटा, पाबूजी को लांछित करने जैसा लगा।

गायकी— इस तरह सादा का अमरकाट में पाबूजी की मगनी तय कर दी गई इसके बाद सामर और केलम की सुध आई। चाँदा सामंत खड़ा हुआ और बॉस की पराणी (लकड़ी) उठाई। सॉढ़नियों को इकट्ठा किया। पाबूजी भी इस कार्य में अगवानी करते हुए और मेहमान होकर केलम के घर चले।

वार्ता— पाबूजी ने हरमल को संबोधित करते हुए जो निर्देश दिये उनकी पालना में घोड़े तैयार किये। पाबूजी की पसंद के ऊँट भी श्रृँगारे गये और केलम के यहाँ चल पड़े।

गायकी— यह सब कर तारा छाई रात्रि में हरमल निकला। मगवास (मार्गविश्राम) के बाद सामर पहुँचकर घोडे छोड दिये। हरमल ने केलम को जाकर बधाई दी कि पाबूजी लंका की राती भूरी साँढ़ियाँ ले आये हैं।

वार्ता— यह सुन केलम प्रफुल्लित हो उठी और ननदों को आवाज लगाई— अब तुम्हारे चरखे उठालो। यहाँ सौंढ़नियो के बोथड़े (बच्चे) खेलेगे। हरमल ने कहा— केलम, तुम जितनी साँढ़ें रोक सको, रोक लेना। काकाजी तो लंका से सारी सांढ़े ले आये हैं।

केलम ने अपने काका और पीहर की बलाइयाँ ली। वहाँ के सामंतो प्रधानों का शुभचिंतन किया और कोलू के गढ़ का भला सोचा कि जहाँ के शूरवीरों ने ऐसा अप्रतिम कार्य कर दिखाया।

गायकी— केलम अपनी उन साँढ़नियों को संभालो जिन्हें पाबूजी ने बड़ी शूरवीरता के साथ लंका से प्राप्त की हैं।

वार्ता— केलम ने काका के नाम संदेश दिया कि वे यहाँ ऐसी सॉढ़नियाँ रख छोड़े जो कीड़ों से कुलकुलाती लूली-लंगड़ी हों। अन्य को अपने मरूधर देश (मारवाड़) ले जायें।

गायकी— राठौड़ी राजा (पाबू) तारों भरी अर्द्ध रात्रि में चलकर कोलू की कोटड़ी पहुँचे। वहाँ जाकर गद्दीनशीन हुए। उनके समक्ष अन्य दरबारी भी बैठे।

बू बोले— सुनो सरदारों! हम जिन साँढ़ियों को लाये है उन्हें कौन चरायेगा। यदि मेरी बात मानो तो दो दिन इन्हें चाँदाजी चरायें और दो दिन हरमलजी। इस तरह बारी-बारी सब सरदार चरायें। डेमाजी बोले— मुझसे तो ये साँढ़ियाँ न तो आज चराई जायेंगी न कल। यदि मेरी मानें तो इन्हे किसी और को सौंप दें। मै तो आपकी ही नौकरी बजाऊँगा। मै इनको चरा नहीं सकता।

हरमल ने कहा, पाबूजी इन साँढ़ियों को मुझे सौंप दो। मैं इन्हे खुशी के साथ चराऊँगा। अच्छा लालनपालन करूँगा और अपने घर रखूँगा। साँढ़ियों को चराने के साथ-साथ आपकी नौकरी भी करूँगा। यह सुन पाबू ने हरमल रेबारी को सभी साँढ़नियाँ सभला दी।

एक दिन जब पाबूजी स्वर्ण चाँदी के कामवाली कलात्मक जाजम पर बैठे थे और सामने अन्य पदाधिकारी शूर और सामंत आसीन थे तभी सोढ़ों के यहाँ से वरमाला और मंगनी के नेगचार करने अमरकोट से कोई आया।

दस्तूर का सामान हाथी पर लदा था। यह देख पाबूजी ने इन्कार कर दिया। चाँदाजी ने पाबूजी से कहा, आप तो सोढ़ों के अमरकोट में ब्याह रचालो। पाबूजी बोले— यह बड़ी अटपटी अनुचित बात है। थलीपति के क्यों कलंक लगाना चाहते हो।

(आखिरकार विवाह रचा) बरात की तैयारी शुरू हुई। दूल्हा बने पाबू रश्मिरथी नजर आने लगे। महिलाएँ विवाह के माँगलिक गीत और बधावे गाने लगी। महिलाओं ने चाँदाजी को कोरे कूंडे (मृणपात्र) में केसर घोलने के लिए कहा और निर्देश दिया कि वे इसमें पाबूजी का मोलिया (विवाह वस्त्र) रंग दें। निमंत्रण के लिए हल्दी में नौ मन चावल रंगें और फिर सभी देवी-देवताओं, परिचितों को न्यौत आयें, पाबूजी की बरात में चलने के लिए।

इसके बाद पहला निमंत्रण गजानंदजी को और फिर श्रीकृष्ण, बाबा रामदेव, चन्द्र, सूर्य, महादेव, काला गोरा भेरू, योगमाया, पितृभक्त

श्रवण को दिया। धरती के समस्त देव पाबूजी की बरात के लिए पहुँचे लेकिन जायल के खींची (पाबूजी के बहनोई) नहीं आये।

इस तरह पाबूजी की बरात सजी। नगाड़े बजने लगे। ऊपर मुँह किये मक्रमुखे बांकिये बजने लगे।

इसके साथ ही (सूत परम्परा के अनुसार) बरात में काछेला भाट कविताएँ सुनाने लगे और भवानी चारणी ने विरूदावली शुरू की। चलती हुई बरात द्वार पर जाकर रूकी तभी भवानी चारणी ने आड़ी फिरकर बरात को रोक लिया। पाबूजी ने इसका कारण पूछा। उसने कहा— आप तो सोढ़ों के अमरकोट जा रहे हो। पीछे गढ की रखवाली के लिए किसको नियुक्त किया है?

पाबू बोले— हमने हर क्षेत्र में बावन वीरों को तैनात किया है। भयंकर भूखी योगिनियाँ छोड़ी है। बावनवीर (यदि संकट आन पड़ा तो) चक्र चलायेंगे और योगिनियाँ खप्पर भरेंगी। इसके अलावा चन्द्र सूरज को भी रक्षा का भार सौंपा गया है। सबमें बड़े बूड़ोजी को वहीं रखा है। भवानी बोली— मुझे आपकी बात पर भरोसा नहीं और बूड़ाजी पर विश्वास नहीं है।

वार्ता— बूड़ाजी अपनी सीमा के भीतर ही सामर्थ्य के अनुसार काम करने वाले हैं।

गायकी— उन्हें तो (बूड़ा राजा को) आप अपनी बरात में ही ले जाओ और चाँदा सामत को भूरे गढ़ की कोट के लिए छोड़ दो। पाबूजी ने कहा— भवानी, चाँदा सामंत का नाम मत लो। वह तो सोढ़ों के चारण भाटों को नीचा दिखाने के काम आयेगा। अगला प्रस्ताव डेमा अमली को गढ़ रक्षा के लिए नियुक्त करने का आया। इस पर पाबू ने कहा कि इसका नाम भी मत लो। वह भी सोढ़ों के यहाँ जा रही हमारी बरात के लिए बड़ा उपादेय है।

बरात के स्वागत में मोदों ने कुँआ और बावड़ीबंद अमल संग्रहीत की कि महीने तक भी पीनेवालों की कतारें हों तो पैंदा नजर न आये।

वार्ता— डेमाजी का नाम पुकारा गया और सावधान किया गया।

गायकी— बरातियों के साथ चारणी ने निर्देश दिया कि वे डेमाजी को साथ रखें लेकिन हलजी होलंकी को भूरागढ़ की रखवाली के लिए छोड़ जायें।

पाबूजी बोले— तू इतना नाम भी मत ले क्योंकि ये ज्योतिष और शकुन विचारकर्ता हैं और अटके भटके काम आयेंगे। चारणी ने कहा, यदि हलजी होलंकी भी साथ में जरूरी है तो फिर हरमल राईका को छोड़ जाना। पाबू बोले— हरमल का नाम भी मत लो। वह तो हमारा मार्गदर्शक है।

चारणी बोली— हे राठौड़ी राजा! अपने सुन्दर मुख से झूठ मत बोलो। यह रेबारी भला कब से रास्ते का राजा (पथ प्रवीण) बना है?

वार्ता— पाबू बोले कि जबसे इसने लंका में जाकर सॉढ़ियों को घेरा है तब से यह राह खोजी है।

घोड़े पर सवार पाबूजी से भवानी चारणी के इस तरह सवाल-जवाब हुए।

गायकी— आखिर समस्त सामंतों को भी पाबूजी ने बरात में सम्मिलित किया। भवानी मुस्कराई और विकल्प रखते हुए बोली— बरात क्यों चढ़ाओ, क्यों नहीं खाडा भेजकर विवाह रचालो। पाबू बोले— तुमने भी कैसी भोली बात कही। खांडे से तो काबुल के मुसलमान विवाह रचाते हैं। क्षत्रिय तो मंडप (चंवरी) में पाणिग्रहण करते हैं।

पाबूजी ने चारणी के सारे विकल्पों का उत्तर देते हुए कहा—

वार्ता— सुनो भवानी! तुम निश्चिंत रहो। भूरागढ़ कोट में कुछ नहीं होगा। यदि तुम भी आ सको तो गोधूलि वेला में गिद्ध (चील) का रूप

धारण कर चंवरी में आ जाना। यदि तुम्हारी गायों पर संकट आया तो मैं चंवरी में बैठा भी उठ खड़ा होऊँगा और तुम्हारी गायों की रक्षा के लिए दौड़ पड़ूँगा।

गायकी— इस तरह पाबू भवानी चारणी की परीक्षा में खरे उतरे और अनेकानेक आशीष भरे वचन कहे।

वार्ता— भवानी बोली— पाबू तुम अपने वचनों के पक्के रहना। मुझे डर है कि कहीं मैं आई तो खींची मेरी गायों को घेर न ले जाय।

गायकी— पाबू बोले— भवानी, तुम सावधान रहना! तुमसे जो वचन कहे हैं, यदि उनसे फिरूँ तो सांभर के नमक की तरह गल जाऊँ।

भवानी चारण ने पाबू को गहरी सीख और आशीर्वाद दिया कि तुम सकुशल विवाह कर लौटो। बाजे गाजे के साथ भव्य बरात आगे बढ़ी। घोड़ी ने अपनी रम्मतें दिखाई। बरात जब पचास कोस पर पहुँची तो सूर्योदय के समय घाटे में रोक दी गई क्योंकि शकुन ठीक नहीं थे।

जंगल में बाँयी ओर सियार बोल रहे थे तो दाँयी ओर तीतर। बरात के मार्ग में शकुन अमांगलिक हो गये। इधर सिंह ने पाबूजी के मार्ग में अवरोध डाला। पाबूजी ने हलजी को बुलाया कि तुम अपना घोड़ा आगे ले जाकर इन शकुनों पर विचार करो। हलजी होलंकी ने पाबूजी के पंचांग को ऊपर से नीचे तक देखा और चिंता मग्न हो बोले—

वार्ता— इस पंचांग में विधाता ने जीना मरना साथ लिखा है।

गायकी— पाबूजी डेमाजी से बोले— अपने घोड़े को आगे लाओ। तुम्हारे होते सिंह ने बरात का रास्ता रोक दिया। यह सुन डेमा को क्रोध चढ़ आया। वह खड्ग खींच शेर पर टूट पड़ा। पहाड़ की ओर भागते सिंह को ललकारा कि तुमने क्यों क्षत्रियों का रास्ता रोका। उसे यह भी याद दिलाया कि तुम्हीं ने छल से चारणों की गाय मारी। अकारण

खूटी से बंधे बछड़ों का वध किया है। मैं तुम जैसे हिंसक को छोडूँगा नहीं। हवा में डेमोजी का खड्ग लहराता रहा।

वार्ता— यह सुनते ही हिंसातुर शेर दहाड़ मार डेमाजी पर टूट पड़ा। उसके खूनी पंजे को डेमोजी ने ढाल पर झेला और खड्ग से उसका सर कलम कर दिया।

गायकी— ठाकुर पाबू बोले— चाँदाजी तुम डेमाजी को शाबाशी दो जिसने शेर से मुकाबला कर बरातियों को निर्भय किया।

वार्ता— डेमा अमली ने आगे आकर कहा कि इस सुन्दर धरती में, बरातियों के मार्ग में यह रक्तपात अच्छा नहीं हुआ।

पाबूजी ने कृपाकर सिर कटे शेर को फिर से शीशवान करते हुए प्राणदान दे दिया।

गायकी— रास्ते में बराती झूमते लहराते आगे बढ़े जा रहे थे। हाथियों की चाल मस्ती भरी थी। एक विश्राम कर आगे बढ़े। सौ कोस की घाटी पर सोढ़ों ने समेला (मार्ग के बीच बरातियों को दिया जाने वाला भोज) दिया।

सोढ़ों ने जाजम बिछाई और मद्यपान प्रारंभ करवाया। सोढ़ों ने हमप्याला सुरापान शुरू किया। इस बीच पाबू अपने सालों से बाँह पसार मिले। लेकिन अणदू नामक साला अन्यमनस्क खड़ा रहा जिससे उसकी मन की बात पूछी।

अणदू ने कहा कि मैंने आपकी घोड़ी का बड़ा नाम सुना है। आज कानों सुनी साकार हो गई। आपकी घोड़ी के मुकाबले मेरे घोड़े भी कम नहीं है। (यदि स्पर्धा हो तो बाजी मार जाय) हमारे सोढ़ों की रीत के अनुसार गढ़ के तीखे कंगूरे पर तोरण मारना पड़ेगा।

वार्ता— अणदू बोला कि यही शर्त रही। यदि मैं हार गया तो अमरकोट आपका और यदि आप हार गये तो केसर कालमी घोड़ी हमारी

गायकी— पाबूजी ने साले से कहा कि तुम्हारे घोड़े हेरण घास खाते है जबकि मेरी घोडी एक ही टीबे के आहार विहार पर पली बढ़ी है। कहाँ तो तुम्हारा शक्तिवर्धक घास और कहाँ मेरी थली की बोदी (बलहीन) बाजरी। यह स्पर्धा क्यों कर रहे हो?

पाबू ने एक पाँव पर खड़ी स्वामी भक्त अपनी घोड़ी केसर कालमी की ओर देखा और साले की चुनौती स्वीकार कर ली। यही नहीं, इस शर्त की लिखापढ़ी भी कर ली।

पाबूजी ने साले के घोड़ो के मुकाबले में घोड़ी को खरा उतरने के लिए कहा और बोले कि सोढ़ों की चुनौती पर यदि निर्णायक नहीं उतरी तो तुम्हें सोढ़ा के चारण भाट को दे दूँगा और सोना तब ही मारवाड़ ले जाऊँगा।

यह सुनने की देर थी कि घोडी हिनहिनाई। बोली— एक ही बार में सोढ़ां के सातों महल लाँघ जाऊँगी और उतरते समय तोरण की सातों चिड़ियो को मार दूँगी। यही नहीं, मैं आसमान के तारे तोड़ लाऊँ तब मुझे सोढ़ां के घोड़ों के बराबर मानना।

गायकी— (सोढ़ों ने अपने घोड़े और पाबूजी के घोड़ी तैयार की) सोढ़ां के घोड़े जमीन पर दौडने लगे जबकि केसर कालमी ने आकाश में उड़ान भरी और तोरण की सातो चिड़ियाँ लाकर अपने को शक्ति की अवतार सिद्ध किया। सोढ़ा हाथ मलते रह गये।

वार्ता— दानवीर पाबू बोले— सुनो डेमाजी, हमारी ओर से बरात के आगमन का समाचार लेकर वर वधाऊ भेजो। उसके साथ में एक हरी डाली देना किन्तु अमल के नशे में डेमाजी हरी डाली की बात भूल गया। रास्ते में जब याद आई तो एक खेजड़े के पास पहुँचे। घुड़सवार डेमा ने डाली पकड़ी। खेजड़े का काँटा उसकी अँगुली में जा लगा।

वह तुरन्त घोड़े से नीचे उतरा और गर्जना कर खेजड़े को ही उखाड़

लिया और वधू के घर ले जाकर चाँच द्वारा पटक दिया। वधू पक्ष के सोढ़े आधे घर के बाहर और आधे अन्दर रह गये।

डेमाजी वहीं खड़े हुए और सोढ़ों को संबोधित करते हुए बोले कि मेरे लिए नशेपने का प्रबंध करो। सूरजमल सोढ़ा ने अमली मनुहार की। डेमोजी ने अमल बताने के लिए कहा तो सूरजमल ने अपने सेवकों से कहा कि इन्हें वहाँ ले जाओ जहाँ इन्द्रयोत्तर कुँए बावड़ी अमल से भरे हुए हैं। वहाँ ले जाकर कहीं धक्का दे देना। ये वहीं गल जायेंगे।

सेवकों ने डेमोजी को वहाँ ले जाकर छोड़ दिया। डेमोजी ने अफीम के कुँआ बावड़ी पर ऐसा हाथ मारा कि दो ही घूँट में उन्हें खाली कर दिया। इसके बावजूद वे मरूँ-मरूँ करते रहे।

इसके बाद पटवारी ने जाकर सूरजमल से कहा कि बावड़ियों में न तो अमल है न तिजारे। पत्थर तक निकालकर निगल गया है। सूरजमल ने आश्चर्य किया और कहा कि छह-छह महीने तक जितनी अमल जमा की वह डेमोजी एक ही बार में उड़ा गया तो डेमोजी जैसे और कितनेक बराती हैं?

यह ताना सुनकर डेमोजी ने कहा— ज्यादा कमाऊँ और थोड़ा खाँऊ, ऐसा तो मैं ही हूँ। मैं सबसे आगे आया हूँ। पीछे तो मेरे से भी जोरदार हैं।

गायकी— इस बातचीत के बाद सूरजमल ने दासी को, ब्राह्मण को बुलाने के लिए भेजा और कहा कि उसे लाकर अपने कोट में चंवरी मंडाओ। ब्राह्मण ने आकर चारों दिशाओं में सोने की खूंटियाँ ठोकी। ऊपर मेघाडम्बर, तम्बू तान दिये। (शुभ समय पर) पाबूजी ने फूलवंती का पाणिग्रहण किया।

चंवरी में एक फेरा ही हुआ कि दूसरे फेरे में चील बनकर आ बैठी भवानी चारणी कूक पड़ी कि पीछे से उसकी गायों को खीचियों ने घेर लिया है।

जैसा कि पाबूजी ने उसे पहले ही वचन दिया था कि यदि उसकी गायों को खींचियों ने घेर लिया तो वे चंवरी छोड़कर रक्षा के लिए दौड़ पड़ेंगे। चारणी ने यह बात याद दिलाई, ऐसा न हो कि उनका वचन व्यर्थ चला जाय।

वार्ता— इतना सुनना था कि पाबू चंवरी से उठ खड़े हुए। दो ही फेरे हुए थे कि तीसरे में सोढ़ी का पल्ला काट दिया और गायों को बचाने के लिए वे तत्काल अपनी पवनवेगी घोड़ी पर सवार हुए।

गायकी— सोढ़ी उनके चरणों में गिर पड़ी। वह बोली— भला, मुझसे क्या गलती हुई? मुझमें कोई अवगुण हो तो बताओ।

वार्ता— मुझ में ऐसी क्या कमी देखी कि चंवरी में दो ही फेरे लिये और तीसरे में मेरा पल्लू पृथक कर दिया। पाबू बोले— आप तो बहुत गुणवान हैं लेकिन मुझे गो माता की रक्षा करनी है।

सूरजमल सोढ़ा ने कहा कि हमारी लाज भगवान के हाथ है लेकिन बहनोईजी, मेरी बात सुनो कि मेरी इस बहिन में यदि कोई अवगुण नजर आये हों तो मैं दूसरी को लाकर फेरे दिलाऊँ।

पाबूजी ने दोहराया कि तुम्हारी बहिन में बहुत गुण हैं लेकिन क्या करूँ। मेरे वहाँ खींचियों ने चारणी की गायों को घेर लिया है और मुझे उनकी रक्षा करनी है।

सूरजमल बोले— आप यहीं रूकें। आपके बदले में मैं मेरे भाई अणदू को भेज देता हूँ। वह चारणी की गायो को आजाद करवा देगा।

पाबू बोले— सूरजमल, तुमने भी भोली बात की है। अणदू से गायें आजाद नहीं होंगी। या तो चाँदा या डेमा या फिर पाबू ही गायों को मुक्त कर सकता है।

गायकी— डेमा और पाबूजी दोनो तारांछाई रात में निकल पड़े। एक विश्राम रास्ते में लेकर दूसरे विश्राम में गिरिवर का घाटा रोका और गायों को जा घेरा

वार्ता— खींची डेमाजी से बोले कि झगड़ा चल रहा है।

गायकी— डेमाजी ने अपनी करामात दिखाई। चुटकी बजाते ही तीरों की वर्षा होने लगी। आसमान जैसे फट पड़ा और भूकंप आ गया हो। एक-एक कर खींचियों की सारी फौज धराशायी हो गई। केवल बची तो जिंदराव खींची की सवारी।

वार्ता— मुझे हुक्म नहीं है अन्यथा हे जिनराव! मैं तुम्हारा सिर भी धड़ से अलग कर दूँ। यदि मैं ऐसा कर दूँ तो पाबूजी मुझे उपालंभ देंगे। प्रेमाबाई मुझे दुर्वचन कहेगी। मैं तुम्हें बहिन की सुहाग-कांचली के पेटे छोड़ रहा हूँ।

इतना कहना था कि ठाकुर पाबू भी आ पहुँचे।

गायकी— खींचियों और राठौड़ों के बीच युद्ध में तलवारें खिंच गईं। खारी (एक नदी) पर खड्ग से खड्ग टकरा उठे।

वार्ता— इस घमासान के बाद राठौड़ों ने गायें मुक्त करवालीं। पाबूजी ने सभी गाये चारणी को संभलाई और बोले— मैं चलता हूँ। मेरा कौल— वचन पूरा हुआ। यह देखो, भगवान की पालकी आ पहुँची है। मैं जा रहा हूँ।

यहीं से वे स्वर्ग लोक को प्रस्थान कर गये।